

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 1 अगस्त 2024

संवत 2081, श्रावण कृष्ण ग्यारह संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 320 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई

रोहित का ट्वीट ; परफेक्ट शुरूआत, वेलडन टीम इंडिया ◀◀ 6







# कांवड़ियों की गाड़ी बिजली पोल से टकराई, 5 की मौत

● देवघर से लौट रहे थे सभी

● करंट लगने से पांच शिवभक्तों की मौत हो गयी



**मेट्रो रेज**

**लातेहार :** जिले के बालूमाथ थाना अंतर्गत टमटम टोला के पास आज तड़के देवघर से लौट रहे कांवड़ तीर्थयात्रियों की गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। इस दौरान करंट लगने से पांच शिवभक्तों की मौत हो गई। इनमें दो महिला, दो किशोरी और गाड़ी चालक शामिल है। हादसे में पांच कांवड़िये झुलस गए हैं। डीएसपी आशुतोष सत्यम ने इस हादसे में पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है।

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान रंगीली कुमारी (14), अंजली कुमारी (15), सविता देवी (30), शांति देवी (60) और चालक दिलीप उरांव (25) के रूप में हुई है। झुलसने वालों में हनेश यादव, चरकु यादव, हरिनंदन यादव, परमेश्वर यादव और रीना कुमारी शामिल हैं। हनेश यादव और चरकु यादव को यहां से गंभीर हालत में रिम्स रेफर किया गया है। सभी पीड़ित बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयातांड तथा आसपास के गांवों के रहने वाले हैं।

## कांवड़ियों से भरी बोलेरो पेड़ से टकरायी, चालक की मौत, 3 गंभीर

**मेट्रो रेज**

**कोडरमा :** जिले के नवलशाही थाना अंतर्गत मारुति चौक के पास गुरुवार की सुबह कांवड़ियों से भरी बोलेरो के पेड़ में टक्कर मारने से एक की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए।

मृतक की पहचान चंदन कुमार कसेरा ( 35 ) के रूप में की गयी है। घायलों की पहचान विजय कुमार (30 ), संयोग पांडेय (37 ) और आकाश मेहता (40 ) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार बोलेरो में चार लोग सवार होकर देवघर से पूजा करके अपने घर हजारीबाग लौट रहे थे। इसी दौरान नवलशाही थाना क्षेत्र के मारुति चौक के पास सुबह लगभग 5 बजे जानवर बचाने के चक्कर में बोलेरो एक पेड़ में जाकर टकरा गई जिसमें चालक की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद व पुलिस के सहयोग से इन्हें कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉक्टर द्वारा चालक को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि तीन घायलों का इलाज सदर में चल रहा है।

● देवघर से पूजा करके सभी अपने घर हजारीबाग लौट रहे थे



## कृष्ण जन्मभूमि मामले में मुस्लिम पक्ष को इलाहाबाद हाई कोर्ट से झटका

**प्रयागराज :** मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि- शाही ईदगाह विवाद मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट में मुकदमों के रखरखाव को लेकर सुनवाई हुई। कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को झटका लगा है। मामले में अब ट्रायल चलेगा। कोर्ट ने हिंदू दावे को सुनवाई योग्य माना है। मुसलिम पक्ष की आपत्ति को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की आर्डर 7 रूल 11 की आपत्ति वाली अर्जी को गुरुवार को खारिज कर दिया। फैसला जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच ने सुनाया है। मुकदमों की रखरखाव के संबंध में मुस्लिम पक्ष द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने निर्णय सुरक्षित रख लिया था। मुकदमे शाही ईदगाह मस्जिद का ढांचा हटाकर जमीन का कब्जा देने के अलावा मंदिर का पुनर्निर्माण कराने की मांग को लेकर दायर किए गए हैं।

**क्या है विवाद :** यह विवाद मुगल सम्राट औरंगजेब के समय की शाही ईदगाह मस्जिद से जुड़ा है जिसका निर्माण भगवान कृष्ण की जन्मस्थली पर बने मंदिर को कथित तौर पर ध्वस्त करने के बाद किया गया।

एससी-एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## राज्य सरकारें बना सकती हैं सब कैटेगरी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान बेंच ने बहुमत से फैसला दिया है कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों में वो सब कैटेगरी बना सकती है जिन कैटेगिरी को ज्यादा आरक्षण का फायदा मिलेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये फैसला सुनाया। सात जजों की बेंच ने 2004 में ईवी चिन्नैया मामले में दिए गए 5 जजों के फैसले को पलट दिया। वर्ष 2004 में दिये उस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एससी-एसटी में सब कैटेगरी नहीं बनाई जा सकती। चीफ जस्टिस समेत छह जजों के बहुमत के फैसले में कहा गया है कि राज्य सरकार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों में वो सब कैटेगरी बना सकती है जिन कैटेगिरी को ज्यादा आरक्षण का फायदा मिलेगा। जबकि जस्टिस बेला एम त्रिवेदी ने इस फैसले के उलट फैसला दिया। इस संविधान बेंच में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा हैं। कोर्ट ने 8 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर तीन दिन सुनवाई की थी।

प्राकृतिक आपदा : हिमाचल में बादल फटने से भारी तबाही

# 50 से ज्यादा लापता, चार शव मिले

**एजेंसी**

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में बारिश ने तबाही मचाई हुई है। आनी के निरमंड में दो जगह, कुल्लू के मलाणा, मंडी जिले के थलटूखोड़ व चंबा जिले में बादल फटे हैं। बादल फटने से भारी तबाही मची है। कई मकान, स्कूल और अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बादल फटने से 50 से अधिक लोग अभी लापता हैं। अब तक चार शव बरामद हुए हैं। इनमें से दो थलटूखोड़ व दो बागीपुल क्षेत्र से बरामद हुए हैं। बादल फटने से करीब चार पुल व 15 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। मंडी जिले में 35 लोग सुरक्षित बचाए गए हैं। बादल फटने की घटना के बाद मंडी के पधर के सभी स्कूल और शिक्षण संस्थान आज बंद कर दिए गए हैं। डीसी ने आदेश जारी किए हैं। कुल्लू में भी सभी शिक्षण संस्थान 2 अगस्त के लिए बंद कर दिए गए हैं।



मंडी के थलटूखोड़ में आधी रात बादल फटने से तबाही मच गई। यहां मकान ढहने की सूचना है। सड़क संपर्क भी ठप हो गया। पंचायत प्रधान कली राम ने बताया कि तेरंग और राजबन गांव में बादल फटने की घटना हुई है। घटना में कई लोग लापता है। तीन घर बहने की सूचना है थलटूखोड़ में बादल फटने की घटना में आठ लोग लापता हैं, दो शव बरामद कर लिए गए हैं। एक घायल है। मंडी जिला प्रशासन ने रेस्क्यू के लिए एयरफोर्स को अलर्ट किया है। डीसी अपूर्व देवगन और रेस्क्यू टीमें पैदल ही प्रभावित क्षेत्र के लिए रवाना की गईं। मौके पर मौजूद स्थानीय प्रशासन राहत कार्यों में जुटा है। सड़कें और रास्ते टूटने के कारण घटनास्थल तक पहुंचने में दिक्कत आ रही है।



## स्वप्निल ने भारत को दिलाया तीसरा पदक

## 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में जीता कांस्य

पेरिस : भारत के स्वप्निल ने कुसले ने कमाल कर दिया है। उन्होंने शूटिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। स्वप्निल ने 50 मीटर राइफल इवेंट में शानदार प्रदर्शन किया। उनका टोटल स्कोर 451.4 रहा। चीन के लियु युकून टॉप पर रहे। उनका स्कोर 463 .6 रहा। जबकि यूक्रेन के कुलिस सेरही दूसरे नंबर पर रहे।

## कमर्शियल गैस सिलेंडर 8.50 रुपये तक महंगा, नई दरें लागू



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** बजट पेश होने के बाद लोगों को महंगाई पहला झटका लगा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने कमर्शियल गैस की कीमत में 8.50 रुपये प्रति सिलेंडर तक की बढ़ोतरी कर दी है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें (आज) गुरुवार से लागू हो गई हैं।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक देश की राजधानी दिल्ली में 19 किलोग्राम वाला कमर्शियल गैस की कीमत अब 6.50 रुपये बढ़कर 1652.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया हैं, जो पहले 1646 रुपये में मिल रहा था। कोलकाता में यह 8.50 रुपये बढ़कर 1764.50 रुपये में मिल रहा है, जो पहले 1756 रुपये में मिल रहा था। वहीं, मुंबई में इसकी कीमत 7 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़कर 1605 रुपये हो गई है। यह पहले 1598 रुपये में बिक रहा था। इसी तरह चेन्नई में कमर्शियल गैस सिलेंडर 1817 रुपये का मिल रहा है।

# विस सत्र : बीजेपी के 18 विधायक विधानसभा से निलंबित

**कल दोपहर 2 बजे तक के लिए सस्पेंड**

**मेट्रो रेज**

**रांची :** झारखंड विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने भाजपा के 18 विधायकों को निलंबित कर दिया है। उन्होंने ये कार्रवाई विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के प्रस्ताव पर की। स्पीकर ने नियमावली 299 और 310 का जिक्र करते हुए कहा कि मैं इसके लिए निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हूं और ये हमारा विशेषाधिकार हैं। जिसके बाद उन्होंने विपक्ष के 18 विधायकों को सस्पेंड करने का फैसला सुनाया। स्पीकर की इस कार्रवाई के बाद अमर बाउरी ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया है।



### क्या है मामला

दरअसल बुधवार रात से ही भाजपा के विधायक नौकरी, बेरोजगारी भत्ता पर सरकार के जवाब को लेकर विधानसभा परिसर में ही रूक गये। इसके बाद गुरुवार सुबह जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो गिरिडीह से विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कई विधायकों का नाम लेकर स्पीकर से कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद स्पीकर ने विपक्ष के कई नेताओं का नाम लेकर उनका आचरण सदन के अनुरूप नहीं बताते हुए निलंबित कर दिया।

## अमर बाउरी बोले- लोकतंत्र की हुई हत्या

18 विधायकों के निलंबन होने के बाद नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि आज लोकतंत्र की हत्या दिन दहाड़े स्पीकर ने कर दी है। बिना किसी दोष के स्पीकर ने जो रवैया अपनाया है, उससे ये पता चलता है कि सरकार निरंकुश हो चुकी है। सुदिव्य कुमार सोनू के कहने पर इस तरह से हमे सस्पेंड कर दिया गया है। आज पूरे भारत के इतिहास में पहली बार 18 विधायकों को सस्पेंड किया गया है। जिन चुनावी वादों पर सरकार सत्ता में आई थी, आज उसका कोई हिसाब किताब नहीं है। स्पीकर ने जो हमारे अधिकार को छीना है। कांग्रेस ने पहले इमरजेंसी लगाई थी, आज कांग्रेस जेएमएम ने मिलकर अघोषित इमरजेंसी लागू की है। मीडियाकर्मियों के जाने पर भी रोक लगा दी।

**विधानसभा चुनाव में जनता उखाड़ फेंकेगी इस सरकार को**

अमर बाउरी ने कहा कि स्पीकर महोदय जो आचरण की बात कर रहे हैं, उनके पहले का वीडियो आप देख लीजिए। किस तरह से वह व्यवहार करते थे। हमने ऐसा कुछ भी व्यवहार नहीं किया है, फिर भी हमें सस्पेंड कर दिया गया है। जनता सरकार के इस रवैये को देख रही है। विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें उखाड़ कर फेंकेगी। स्पीकर हाथ उठा कर चैलेंज कर रहे हैं। उन्हें देखकर ऐसा लगता ही नहीं कि वह विधानसभा के स्पीकर हैं। किसी भी स्पीकर ने आज तक ऐसा व्यवहार नहीं किया है।

## पांचवें दिन सदन के बाहर तख्तियों के साथ भाजपा का प्रदर्शन




**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को भी भाजपा विधायक सदन के बाहर धरने पर बैठे हैं और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। सभी विधायकों के हाथों में तख्तियां हैं, जिसमें लिखा है कि सहायक पुलिसकर्मी और होमगार्ड के परमानेंट का क्या हुआ। पांच लाख नौकरी का क्या हुआ, युवाओं के सपनों का क्या हुआ, लुटेरे हेमंत शर्म करो, स्नातक को 5000 और स्नातकोतर को 7000 बेरोजगारी भत्ता का क्या हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर डीसी ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**खूंटी :** जिले में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने चेंबर ऑफ कॉमर्स और बस ऑनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को बैठक की। प्रतिनिधियों ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर कई सुझाव दिए। इस दौरान शहर के मुख्य सड़कों से गुजरने वाले भारी वाहनों के डायवर्सन, पार्किंग की उचित व्यवस्था, अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई एवं मुख्य सड़क पर लगने वाले बाजार की शिफ्टिंग को लेकर चर्चा हुई। शहर की मुख्य सड़क से गुजरने वाले भारी वाहनों की स्पीड लिमिट का भी निर्धारण करने एवं नो एंट्री को लेकर भी सुझाव दिए गए। शहर की मुख्य सड़क के दोनों ओर पेवर्स ब्लॉक लगाने को लेकर भी सुझाव दिए गए। उपायुक्त ने प्राप्त सुझाव पर सर्वे एवं समीक्षा कराने के पश्चात इस पर विचार को लागू करने की बात कही। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूंटी, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, डीजीएम आईओसीएल, अध्यक्ष एवं सचिव चेंबर ऑफ कॉमर्स, अध्यक्ष बस ओनर्स एसोसिएशन, थाना प्रभारी खूंटी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बिरसा कॉलेज में मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर संगोष्ठी



**खूंटीः** बिरसा कॉलेज खूंटी में बुधवार को हिंदी विभाग और मनोविज्ञान विभाग ने प्रेमचंद जयंती मनाई। इस अवसर पर कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जे किड़ो ने प्रेमचंद की प्रासंगिकता को बताते हुए कहा कि प्रेमचंद ने ग्रामीण परिवेश को उपन्यास का मूल विषय बनाया तथा प्रेमचंद के उठाए गए प्रश्न आज भी किस प्रकार प्रासंगिक है। प्रो पूनम माई तिउ ने प्रेमचंद की कहानियों में बाल मनोविज्ञान पर चर्चा की। एसएम यादव ने प्रेमचंद के गोदान और गबन उपन्यासों की चर्चा की। राजकुमार गुप्ता ने प्रेमचंद की कहानियों के विभिन्न पात्रों की चर्चा की। इस अवसर पर डॉ परेशांति सांगा ने प्रेमचंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। डॉ प्रियंका ने ईदगाह कहानी की मार्मिकता को सामने रखा। विद्यार्थियों में चांदमुनी, सुड़की, डोमनी और सुखराम ने भी विचार व्यक्त किया। संगोष्ठी में मंच संचालन माटिल्डा कंडुलना ने किया। इस अवसर पर कॉलेज की डॉ संध्या, रीता मुंडू डॉ सुधांशु सहित कई शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

### सीसीएल से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई



**रांची :** सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे 7 कर्मियों -सर्वश्री मनोज कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (वि एवं यां), विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग, अनुज कुमार, महाप्रबंधक (उत्खनन), सीसीएमसी विभाग, अरुण कुमार तिवारी, मुख्य प्रबंधक (ई एंड एम), ई एंड एम विभाग, अनूप कुमार दराद, कार्यालय अधीक्षक, गांधीनगर अस्पताल, राज कुमार भर, मेक. फिटर, टीए विभाग, सामुला अंसारी, हेल्पर, ई एंड एम विभाग एवं जेठू राम, सफाई मेट/जमादार, गांधीनगर अस्पताल को सीसीएल की ओर से एक सम्मान- सह - विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। ज्ञात हो कि जुलाई महीने में सीसीएल से कुल 84 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं । इस अवसर पर सीएमडी, सीसीएल नीलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनिकी/संचालन) हरीश दुहान एवं सीवीओ पंकज कुमार सहित मुख्यालय के विभागाध्यक्षगण, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिवार के सदस्यगण एवं काफी संख्या में अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। सीसीएल के सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि आप सभी सीसीएल परिवार के अभिन्न सदस्य हैं और परिवार के सदस्य बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी कंपनी की दशा और दिशा तय किया है जिससे कंपनी वर्तमान वित्तीय वर्ष में 100 मि. टन कोयला उत्पादन करने के लिए संकल्पित है। श्री सिंह ने कहा कि आप सभी को जब भी व्यक्तिगत जरुरत हो तो कंपनी आपके सहयोग हेतु तत्पर है।

### एनजेएस महाविद्यालय जैनामोड़ में शिक्षाविद् के निधन पर शोक सभा



**कसमार :** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत एन जे एस महाविद्यालय के साशी निकाय के पूर्व शिक्षाविद 93 वर्षीय हिमांशु कुमार महतो का आकस्मिक निधन हो गया था । इनके निधनं पर महाविद्यालय में दो मिनट का शौक सभा का आयोजन किया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रहलाद सिंह ने कहा कि स्व महतो एक अच्छे 10 भाषाओं के अनुभवी शिक्षक थे । शिक्षण संस्थान के प्रति शिक्षा के क्षेत्र में काफी समर्पित व्यक्ति थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ प्रहलाद कुमार सिंह व संचालन भोला प्रसाद दत्ता ने किया। शोक सभा के अवसर पर अनिल कुमार सिंह,अरुण कुमार सिंह,बिगन प्रसाद,सुशील कुमार, नुरुल हुदा अंसारी, जितेंद्र गोप, राखी कुमारी, ईश्वर दयाल महतो, करमचंद रवानी, संतोष कुमार मंडल,शांति देवी,बहामुनी सहित कालेज के सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे ।

# राज्य सरकार के एजेंडे में शीर्ष पर महिला सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण

मेट्रो रेज

**रांची :** महिलाएं यदि आर्थिक रूप से स्वावलंबी हों, तो वह अपने परिवार, समाज, प्रदेश को उन्नति के रास्ते पर ले जा सकती हैं। झारखंड की ग्रामीण आदिवासी महिलाएं आदिकाल से बहुत मेहनती रही हैं और लंबे समय से आर्थिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं। हेमन्त सरकार ने झारखंड की महिलाओं की इस कार्यशैली को बेहतर करने का फैसला लिया है और पिछले चार सालों में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई सफल योजनाओं को धरातल पर उतारा है।

सरकार की तरफ से राज्य और राज्य के बाहर व्यापार में भागीदारी को सुनिश्चित करने, बालिका शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने, उम्रदराज महिलाओं को पेंशन के जरिए आर्थिक मजबूती देने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। आधी आबादी को ध्यान में रखकर हेमन्त सरकार कई योजनाएं चला रही है और कुछ पर काम कर रही है। अभी सरकार द्वारा चलायी जा रही आधी दर्जन योजनाएं, जो सिर्फ महिलाओं के आत्मसम्मान और उनकी समृद्धि पर केंद्रित है, काफी सफल रही हैं।

**कोविड काल के बाद प्रदेश में महिला सशक्तिकरण ने फिर पकड़ी रफ्तार**

स्वयं सहायता समूहों को पलाश ब्रांड से जोड़कर उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की ब्रांडिंग ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार के द्वार खोल दिये हैं। कोविड काल में विश्वव्यापी आर्थिक संकट का असर झारखण्ड पर भी पड़ा था लेकिन अब हालात सुधर रहे हैं, जिसका जीता जागता उदाहरण पलाश ब्रांड है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के दिशा निर्देशन में क्रियान्वित किये जा रहे सफल प्रयास पलाश ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीति के माध्यम से अब तक 29 विभिन्न प्रकार के उत्पादों को खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। तीन वर्ष से कम अवधि में कुल 3982.00 लाख रुपये की बिक्री की जा चुकी है। पलाश ब्रांड में अपने कृषि उत्पादों की आपूर्ति तथा अन्य प्रसंस्करण, पैकजिंग एवं बिक्री के कार्यों से अब तक राज्य के स्वयं सहायता समूहों की एक लाख से अधिक ग्रामीण महिलाएं जुड़कर अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करते हुए इसे मुख्यधारा से जोड़ रही हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों की पहचान बन चुकी पलाश ब्रांड को विशुद्ध व्यावसायिक परिचालन के लिए पलाश इंटरप्राइजेज कंपनी का गठन किया जा रहा है।

**इस योजना का मूल उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी लाना**

इन योजनाओं से झारखंड की लाखों महिलाओं को लाभ मिल रहा है। पिछले चार साल में कोरोना काल के बावजूद महिलाएं आर्थिक मामलों में काफी समृद्ध हुई है। हेमन्त सरकार ने हाल में ही 21 से 50 साल तक की सभी महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये देने की घोषणा की है। इस योजना से करीब 50 लाख महिलाओं को जोड़ने की दिशा में काम किया जा रहा है। यह योजना उनकी रोजमर्रा की जरूरत के खर्च को सरकार द्वारा वहन करने के उद्देश्य से चलायी जा रही है विभिन्न योजनाओं के जरिये हेमन्त सरकार राज्य की हर महिला से जुड़ने की दिशा में कार्य कर रही है।

## हेमन्त सरकार की महिला सशक्तिकरण से संबंधित कुछ अन्य योजनाएं



- हरा राशन कार्डः खाद्य आपूर्ति विभाग की तरफ से 20 लाख जरूरतमंद लोगों को हर माह अनुदानित दर पर एक रुपये प्रति किलोग्राम की दर से 5 किलोग्राम चावल प्रति लाभुक दिया जा रहा है।
- सोना सोबरन धोती-साड़ी योजनाः खाद्य आपूर्ति विभाग की तरफ से ही 66 लाख राशनकार्ड धारियों को एक वर्ष में दो बार 10-10 रुपये में धोती, लुंगी एवं साड़ी दी जाती है।
- सर्वजन पेंशन योजनाः समाज कल्याण विभाग से चलायी जा रही सर्वजन पेंशन योजना से अबतक लगभग 36 लाख 20 हजार लाभुकों को लाभ मिल रहा है। दिसंबर 2019 तक (20 वर्षों में) मात्र 15 लाख को लाभ मिलता था।
- फूलो झानो आशीर्वाद अभियानः ग्रामीण विकास विभाग की महिलाओं के आत्मसम्मान के लिए चलायी जा रही योजना है फूलो झानो आशीर्वाद अभियान। इस योजना के तहत अब तक 32 हजार से अधिक माता-बहनों को लाभ मिल चुका है। अब सहायता राशि भी बढ़कर 50 हजार रुपये कर दी गयी है।
- सखी मंडल से जुड़ी बहनों को बैंक क्रेडिट, लिंकेजः ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अब तक 01 लाख 40 हजार समूहों को लगभग 8,250 करोड़ रुपये की राशि बैंक क्रेडिट, लिंक की गयी है जबकि पिछली सरकार में 2019 दिसंबर तक सिर्फ 640 करोड़ रुपये से ही समूहों को बैंक क्रेडिट, लिंक किया गया था।

## 48 लाख महिलाओं की भागीदारी वाली योजना है जेएमएमएसवाई

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) हेमन्त सरकार का महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है। इसके तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को उनकी रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी। इस योजना के तहत लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है। आवेदिका झारखण्ड की निवासी हों, उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो।

आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है, वे भी योजना का लाभ दिसम्बर तक उठा सकती हैं। बशर्ते मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना(पीला रंग का राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी रंग का राशन कार्ड) किरासन राशन कार्ड (सफेद रंग का राशन कार्ड), हरा रंग का पृथक राशन कार्डधारी हो। योजना को युद्धस्तर पर चलाने के लिए तीन अगस्त से पूरे राज्य में कैम्प लगाकर आवेदन लेने का कार्य किया जाएगा। आवेदन फॉर्म और प्रक्रिया निःशुल्क है।

## किशोरियों की आर्थिक जरूरत में मदद के लिए है सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना

हेमन्त सरकार के महिला प्रोत्साहन और उनके शिक्षा में बेहतरी के प्रयास के रूप में इस योजना को देखा जा रहा है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से इस वित्तीय वर्ष में 9 लाख किशोरियों को जोड़ने की योजना पर काम चल रहा है। फिलहाल लगभग 8 लाख छात्राओं को इसका लाभ मिल रहा है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कुल 5 बार में 40,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता सरकार की ओर से दी जाती है।

यह सहायता वर्ग आठ से प्रारम्भ होकर उनके 12वीं कक्षा तक पहुंचने तक मिलती रहती है। इस योजना के तहत सरकारी स्कूल में वर्ग 8 से 12वीं तक की प्रत्येक स्कूली छात्रा को कक्षा आठ में 2,500 रुपये, नौवीं में 2,500, 10वीं में 5,000, ग्यारहवीं में 5,000 और बारहवीं में 5,000 रुपये की सहायता राशि उनके बैंक खाते में दी जाती है। जब किशोरी की उम्र 18 की हो जाये और उसका मतदाता पहचान पत्र बन जाये, तो उसे एकमुश्त 20,000 रुपये दिये जाते हैं, ताकि वह उस पैसे से आगे की पढ़ाई या कोई प्रशिक्षण लेकर स्वाबलंबी बन सके।

# राकेश किरण महतो का सराहनीय प्रयास



**मुरी/मेट्रो रेज :** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस नेता राकेश किरण महतो द्वारा गरीब,गुरबा और कमजोर लोगों, जिनके राशनकार्ड में नाम लंबित है,नहीं चढ़े हैं वंचित हैं उन परिवारों के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री से मुलाकात कर आवेदन सौंपा और सभी छुटे उपभोक्ताओं के नाम जोड़ने का अनुरोध किया। ऐसा प्रयास कोई भी नेता स्वयं संज्ञान लेकर नहीं करता। इसलिए राकेश किरण महतो का प्रयास काफी सराहनीय है।

# लक्ष्य पाने के लिए कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास आवश्यक : सुदेश महतो

मेट्रो रेज

**रांची :** सिल्ली विधायक सह आजसू अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर प्रयासरत रहना आवश्यक है। सच्ची मेहनत ही सफलता की कुंजी है। क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं।

महतो बुधवार को जोन्हा हाई स्कूल में आयोजित मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह में बोल रहे थे। मौके पर प्रखंड के इस वर्ष 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को सम्मनित किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य और राष्ट्र का भविष्य बच्चों के मजबूत कंधों पर टिका है। मेधा



प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य मेधावी छात्र छात्राओं की प्रतिभा को सम्मानित करने के साथ ही उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है।

मौके पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा पाने का लक्ष्य केवल निजी या सरकारी विभाग में उच्च पदों पर आसीन होना नहीं है, बल्कि श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना है। आप सभी ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। आप ने जीवन के महत्वपूर्ण पड़ाव को सफलतापूर्वक पार किया है लेकिन यह ध्यान रखें बिना अति आत्मविश्वास में आए मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ते रहें। सफलता आपको अवश्य मिलेगी।

उन्होंने कहा कि पढ़ेगा सिल्ली विधानसभा, बढ़ेगा सिल्ली विधानसभा अभियान के तहत विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क स्टूडेंट एक्सप्रेस बस सेवा, निःशुल्क उड़ान कोचिंग, स्मार्ट क्लास, वी आर लैब जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।?

आपका आत्मविश्वास, अनुशासन और लगातार प्रयास ही आपकी सबसे बड़ी शक्ति है। कठिनाइयां और चुनौतियां जीवन का हिस्सा हैं लेकिन मेहनत, समर्पण, ईमानदारी, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ आप किसी भी चुनौती को पार कर अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं।

गूंज परिवार के जरिये प्रखंड के मैट्रिक और इंटर परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और प्रखंड टॉपर्स के बीच स्मार्ट टैबलेट तथा स्कूल टॉपर्स के बीच स्मार्ट वॉच का वितरण हुआ।

## पर्यटन, कला और खेल की योजनाओं को मिलेगा बढ़ावा

# बनेगा मल्टीपरपज स्टेडियम : उपायुक्त




मेट्रो रेज

**रामगढ़:** जिले में पर्यटन खेल कला संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर योजना तैयार की जा रही है। जिला मुख्यालय में मल्टीपरपज स्टेडियम, तो प्रखंड स्तर पर खेल स्टेडियम का निर्माण होगा। इसके अलावा वे साइड एमेनिटीज और अखरा निर्माण के लिए भी भूमि चिन्हित की जा रही है। यह बातें बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने पदाधिकारियों के साथ बैठक के बात कही।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सबसे पहले जिला खेल पदाधिकारी सह पर्यटन नोडल पदाधिकारी मारकस हेंब्रम द्वारा जानकारी दी गई कि रामगढ़ जिले में वर्तमान में जिला स्तरीय मल्टीपरपज स्टेडियम नहीं है। इस संबंध में उपायुक्त ने अंचल अधिकारी रामगढ़ को जमीन चिन्हित कर संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने प्रखंड स्तर पर खेलकूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टेडियम निर्माण के लिए सभी अंचल अधिकारियों को जमीन चिन्हित कर संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर बनेगा बैडमिंटन कोर्टः खेलकूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनुमंडल स्तर पर चार बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण करने के लिए उपायुक्त ने अंचल अधिकारी रामगढ़ को भूमि चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने तथा प्रखंड स्तर पर दो-दो बैडमिंटन कोर्ट निर्माण करने के लिए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को भूमि चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कला संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रखंड में कम से कम एक-एक अखरा निर्मित करने के लिए जमीन चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

एनएच पर वे साइड एमेनिटीज और फूड कोर्ट का होगा निर्माणः पर्यटन विकास के दृष्टिकोण से रामगढ़ शहर के विभिन्न राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्गों पर वे साइड एमेनिटीज यथा फूड कोर्ट, रेस्ट एरिया आदि निर्मित करने को लेकर उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को उनके उनके अंचलों में राष्ट्रीय व राजकीय राजमार्गों के समीप जमीन चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने इस संबंध में वन विभाग के साथ समन्वय कर कार्य करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## चैनपुर थाना से रोटरी स्कूल तक की सड़क जर्जर, छात्रों ने डीसी से लगायी मरम्मत की गुहार

**पलामू :** जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर थाना से रोटरी स्कूल तक अत्यंत जर्जर सड़क की मरम्मत करने की मांग को लेकर बुधवार को जिले के उपायुक्त शशि रंजन को विज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से स्कूल के छात्रों के साथ-साथ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सड़क की मरम्मत करने की गुहार लगाई है। बताया है कि सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है। हर दिन बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं गड्ढे का शिकार हो रहे हैं। समय-समय पर उनके अंग भंग हो जा रहे हैं। कई बार यह मामला समाचार पत्रों की सुर्खियां बन चुका है। क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया सड़क निर्माण के मामले को विधानसभा में भी उठा चुके हैं, बावजूद इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे परेशानी ज्यादा बढ़ी हुई है। बरसात का समय होने के कारण सड़क में बने गड्ढे में गंदा पानी जमा हो गया है, जिससे ज्यादा खतरा बना हुआ है। रोटरी स्कूल की ओर से उपायुक्त को उनके पूर्व के कार्यों के लिए धन्यवाद देते हुए अभिलंब सड़क की मरम्मत करने की अपील की गयी है।

# विधानसभा में हुई आपातकाल की पुनरावृत्ति : प्रतुल शाहदेव

मेट्रो रेज

**रांचीः** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इस सरकार ने देश के लोकतंत्र के इतिहास का आज काला अध्याय लिख दिया। विधानसभा में सरकार के इशारे पर आपातकाल की पुनरावृत्ति हुई। पहली बार देश के इतिहास में विधायकों के रहते ही विधानसभा की बिजली पानी कटवा दी गई। महिला विधायकों को भी नहीं बख्शा गया। शौचालय तक पर जाने पर पाबंदी लगा दी गई।

प्रतुल शाहदेव ने बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए राज्य सरकार और विधानसभा अध्यक्ष पर जोरदार हमला बोला। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि लोकतंत्र में धरना प्रदर्शन का अधिकार सबको है लेकिन जिस तरीके से आज सरकार ने अपना हिटलर शाही चेहरा दिखाया, वह शर्मसार करने वाला है। प्रतुल ने कहा कि विधानसभा सत्ता और विपक्ष दोनों से मिलकर चलता है लेकिन इस सरकार ने विधानसभा पर कब्जा कर इसे सरकारी विधानसभा बना दिया है। नेता प्रतिपक्ष सदन में मुख्यमंत्री से अनुबंध कर्मी, पारा शिक्षक,



सहायक पुलिसकर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का बेरोजगारी भत्ता, प्रतिवर्ष पांच लाख रोजगार, परीक्षाओं की सीबीआई जांच आदि मुद्दों पर बयान देने के लिए धरना पर बैठे थे। सदन के नेता बाहर जाकर तानाशाही कर बिजली पानी कटवा देते हैं।

प्रतुल ने कहा कि स्पीकर का पद संवैधानिक पद होता है लेकिन झारखंड में स्पीकर सरकार के टूल किट बनकर रह गए हैं। युवाओं, बेरोजगारों एवम भाजपा नेताओं पर केस, मुकदमा करते-करते यह सरकार अब सारी सीमाएं लांघ बैठी है। कहा कि इसी सरकार ने मुफ्त बिजली पानी देने की घोषणा की थी और इसी सरकार ने विधानसभा में विधायकों के रहते की बिजली पानी काट दी। प्रतुल ने कहा कि झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता सरकार करगुजारियों को देख रही है और इसे कभी माफ नहीं करने वाली है।

## न्यूज ब्रीफ

### माहेश्वरी भवन में चार अगस्त को भोलेनाथ का महारुद्राभिषेक



**रांची:** माहेश्वरी महिला समिति चार अगस्त को माहेश्वरी भवन में भोलेनाथ का महा रुद्राभिषेक करेगी। समिति की ओर से जानकारी दी गई कि इस बार रांची के आचार्य अनूप दधीचि के सानिध्य में यह महा रुद्राभिषेक सुबह से 21 जोड़ों के साथ होगा। समिति की मीडिया प्रभारी रश्मि मालपानी ने गुरुवार को बताया कि इस पूजा में कोई भी भाग ले सकते हैं। इसके लिए समिति के सदस्य या माहेश्वरी भवन में संपर्क कर सकते हैं। महारुद्राभिषेक के बाद प्रसाद और भोजन की व्यवस्था भी की गई है। सभी सदस्य महारुद्राभिषेक के तैयारी में जुटे हैं।

### मंत्री इरफान अंसारी की मां मुस्तरी खातून का हार्ट अटैक से निधन



**रांची:** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास कार्य मंत्री इरफान अंसारी की मां मुस्तरी खातून (80) का हार्ट अटैक से निधन हो गया है।मुस्तरी खातून के पति फुरकान अंसारी भी सांसद हैं। मुस्तरी खातून की तबियत बीती रात करीब 2:30 बजे अचानक खराब हो गयी थी। इसके बाद आनन-फानन में परिजन उन्हें अस्पताल ले गये, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। मुस्तरी खातून को गुरुवार शाम को लखना कब्रिस्तान में सुपुदेर्खाक किया जाएगा। मुस्तरी खातून शहर के उर्दू कन्या मध्य विद्यालय की प्राध्यापिका रह चुकी थीं।

### देवेंद्र नाथ महतो अस्पताल से हुए डिस्चार्ज



**रांची:** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के वरीय उपाध्यक्ष व रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो का इलाज गुरु गोविंद सिंह अस्पताल दिल्ली में चल रहा था। जिन्हें आंशिक बेड रेस्ट एवं अन्य हिदायत के साथ डिस्चार्ज कर दिया गया है। अस्पताल द्वारा कल मंगलवार को देर शाम डिस्चार्ज किया गया। बताते चलें कि बीते 19 जुलाई को आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मी के सशरीर समर्थन के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा उन पर लाठीचार्ज किया गया था। जिसे 24 जुलाई तक रिम्स रांची में इलाजरत रहे। इसके पश्चात देवेंद्र नाथ महतो के परिजनों द्वारा उन्हें सीना एवं पेट के अंदरूनी चोट पर बेहतर इलाज हेतु गुरु गोविंद सिंह अस्पताल दिल्ली में इलाज किया जा रहा था। जिन्हें कल मंगलवार देर शाम को अस्पताल से कुछ आवश्यक स्वास्थ्य गाइडलाइन के साथ डिस्चार्ज कर दिया गया है। वह शीघ्र ही कुछ दिनों में राजधानी रांची वापस लौटेंगे। सीएम आवास घेराव के दौरान देवेंद्र नाथ महतो, संतोष महतो सहित बीस चिन्हित नाम दर्ज एवं 1500 पर अज्ञात रूप से केस दर्ज किया गया है।

प्रकाश पाठक की विशेष रिपोर्ट

# कभी रांची शहर की शान थी हरमू नदी, आज खतरे में है अस्तित्व



- पहले नदी के पानी का उपयोग लोग घर के कामों में करते थे
- जीर्णोद्धार व संरक्षण के अभाव में नदी की हुई दुर्दशा

मेट्रो रेस

**रांची:** राजधानी रांची में बहने वाली हरमू नदी कभी शहर की सबसे स्वच्छ नदी हुआ करती थी। इसके उद्गम स्थल दलादली क्षेत्र से लेकर नामकुम स्वर्णरेखा नदी तक बहने वाली इस नदी आस पास रहने वाले लोग नदी के जल का उपयोग घरों में करते थे एवं इसके जल से खेतों की सिंचाई भी करते थे। इस नदी के कारण ही इसके आस पास के क्षेत्रों में कभी पानी की कमी नही होती थी और इसके आस पास मनमोहक हरियाली का वातावरण था । लोग इसके किनारे घूमने टहलने जाया करते थे। किन्तु कभी स्वच्छ जल से भरपूर हरमू नदी का अस्तित्व आज संकट में है,हरमू नदी की दुर्दशा के पीछे कई तरह के गलत निर्णय लिये गये. जीर्णोद्धार व संरक्षण की योजना तैयार करते हुए कई खामियां रह गयीं, जिसे अधिकारियों ने नजरअंदाज किया और बार-बार संशोधन की वजह से योजना की लागत बढ़ कर 100 से ऊपर चली गई हरमू नदी आज मरणासन्न अवस्था में पहुंच चुकी है। इसके लिए योजनाएं खूब बनीं. हरमू नदी के लिए फाइलों में कलम की स्याही बहायी गयी, लेकिन हरमू नदी का पानी सूख गया. यह नदी से नाले में तब्दील हो गयी है जिसके कारण भू गर्भ जल भी दूषित होता जा रहा है, दो दशक पहले अविरल बहनेवाली हरमू नदी को अतिक्रमण ने निगल लिया. रांची की पहचान मिटने के कगार पर है।

## घर के दरवाजे तक पहुंच रहा गौशाला का गोबर, पूरा मोहल्ला परेशान



**रांची:** गौशाला मुहल्ले के सैंकड़ों लोग इन दिनों गौशाला से निकलने वाले गोबर से परेशान हैं। हल्की बारिश के बाद भी गौशाला का गोबर दरवाजे तक पहुंच जा रहा है। पांच से सात इंच तक की ऊंचाई मोटी परत गोबर का जम जा रहा है। पिछले कई वर्षों से मोहल्ले के लोग इस गंदगी से परेशान है। वैसे हर साल इस परेशानी से संबंधित शिकायत नगर निगम के अधिकारियों को दी जाती है। कभी मौका देखकर सफाईकर्मियों के द्वारा साफ सफाई भी की जाती है लेकिन इसका स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा। मोहल्ले के गौशाला में गोबर जमने का सिलसिला इस साल भी जारी है। हर साल की भांति इस साल भी इसकी शिकायत रांची नगर निगम के अधिकारियों को की गयी है लेकिन गोबर को नहीं हटाया गया। स्थिति यह है कि लोगों को घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। लोगों को यह डर सताने लगा है यह गंदगी किसी की जान न ले ले। इस बाबत मोहल्ला के लोगों ने स्थानीय पूर्व पार्षद सुनील यादव से भी शिकायत की थी लेकिन सफाई नहीं हो पायी। इस संबंध में गौशाला कमेटी से भी शिकायत की गयी थी पर शिकायत पर कमेटी का रवैया भी उदासीन है। मोहल्ला के मनोज साहू, विनोद चौधरी, कमलजीत सिंह , राकेश गोयल, बबलु गोयल, शंकर साहू, तेजपाल सिंह, राजीव वर्मा ने गौशाला कमेटी से आग्रह किया है कि गोबर की स्थायी निकासी की व्यवस्था किया जाए ताकि मोहल्ले के लोग बीमार न हों।

# रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बैठक

**रांची:** रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों की एक सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम के समय 11 बजे से 1 बजे तक जालान रोड के सभी सदस्यों ने सांकेतिक रूप में लोडिंग ,अनलोडिंग, माल की बुकिंग डिलीवरी स्थगित रखी। ज्ञात रहे कि लघुभार वाहकों की नई परिचालन व्यवस्था के विरोध में रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन के सदस्य विरोध कर रहे है। इसी आलोक में आज जालान रोड में बैठक आयोजित की गई थीं। आज की बैठक में एफजेसीसी आई के पवन शर्मा, परेश गट्टानी, साहित्य पवन, झारखंड प्रगतिशील मजदूर यूनियन के विपिन कुमार, देवेन्द्र सिंह, झारखंड प्रगतिशील मजदूर यूनियन के ललित ओझा, आरजीटीएके, ऋषिदेव यादव (अध्यक्ष) धीरज ग्रोवर (, सचिव), सुनील सिंह चौहान, संजय जैन पवन शर्मा,सुनील माथुर दीपक सिंह, बिंदुल वर्मा, पिंटू अग्रवाल, सतीष कुमार, टिंकू जी प्रभाकर सिंह, रवींद्र दुबे, रत्नेश सिंह, उदय सिंह श्याम लाल अग्रवाल विनय सिंह, रंजीत तिवारी, संजीव अग्रवाल,श्यामबिहारी सिंह, अनिल माथुर जितेन्द्र सिंह साथ ही झारखंड मिनी ट्रक ऑनर एसोसियेशन के रवींद्र सिंह, अरविंद सिंह, मनीष शर्मा, प्रकाश राय उपस्थित थे।



### मंत्री हाफिज़ुल अंसारी से मिले राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष

**रांची:** झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजयलाल पासवान ने नगर विकास व आवास विभाग के मंत्री हाफिजुल अंसारी से मुलाकात कर बोर्ड के विकास कार्यों की जानकारी दी । साथ ही धुर्वा राँची में प्रस्तावित 306 एकड़ में आवासीय कॉलोनी निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति ,मंत्रीमण्डल से शीघ्र करवाने, हरमू राँची स्थितभूखंड संख्या 11 में व्यसायिक सह वाणिज्यिक योजना की स्वीकृति ,बोर्ड क्रिया कलापों की जानकारी से अवगत कराते हुए किसी दिन बोर्ड मुख्यालय भ्रमण करने निमंत्रण भी दिया।

### श्री श्याम मन्दिर में एकादशी महापर्व संपन्न



**रांची:** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में एकादशी महापर्व अत्यंत श्रद्धा भाव एवं भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया । प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर कर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर गुलाब , जूही, बेला , मोगरा व रजनीगंधा के मालाओं से मनभावन श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरांबली एवम शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया ।पावन श्रावण मास की एकादशी होने के कारण प्रातः से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी । रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु की पावन ज्योत प्रज्वलित कर भक्तगण कतारब्रद होकर पावन ज्योत में आहुति प्रदान कर रहे थे । श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ सगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ किया गया । आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत , गोपी किशन ढांढनीयां,ओम जोशी, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विकाश पाडिया, नितेश केजरीवाल , सुदर्शन चितलांगिया, प्रदीप अग्रवाल, अनुराग पोद्दार , अजय साबू का योगदान रहा ।


कार्यालय :—प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र, हेहल, राँची
(E-mail ID – principaletcjharkhand@gmail.com)
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(कृषि प्रभाग)

"भोजनादि व्यवस्था (साफ–सफाई, सफाई–सामग्री एवं रख–रखाव व्यवस्था के साथ) उपलब्ध कराने हेतु निविदा का आमंत्रण"

निविदा सूचना संख्या – 01 / 2024–25

प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र, हेहल, राँची में संचालित होने वाले प्रशिक्षणों में भाग लेने वाले कृषकों/अन्य क्षेत्रीय एवं तकनीकी पदाधिकारियों को भोजनादि व्यवस्था (साफ–सफाई एवं अन्य व्यवस्था के साथ) उपलब्ध कराने हेतु निबंधित एवं अनुभवी संस्थान/आपूर्तिकर्ता से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का नाम | प्राचार्य, प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र, हेहल, राँची |
| 2 | परिमाण विपत्र का मूल्य | 5000/–रूपये (Non Refundable) बैंक ड्राफ्ट के द्वारा। |
| 3 | अग्रधन की राशि | 40000/–रूपये बैंक ड्राफ्ट के द्वारा। |
| 4 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22 अगस्त 2024 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | निविदा प्रस्ताव जमा करने की तिथि एवं समय | 27 अगस्त 2024 05.00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | निविदा पत्र खोलने की तिथि एवं समय | 28 अगस्त 2024 02.30 बजे अपराह्न तक। |
| 7 | निविदा पत्र प्राप्त करने, जमा करने एवं खोलने का स्थान | कार्यालय, प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र, हेहल, राँची – 834005 |

निविदा की शर्तें, मेनु एवं तकनीकी/वित्तीय बीड का प्रारूप कार्यालय के सूचनापट एवं वेबसाईट www.sameti.org पर उपलब्ध है।

प्राचार्य, प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र
हेहल, राँची

PR 331361 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)24-25*D


# कृषि मंत्री से युवा कांग्रेस, कला एवं संस्कृति विभाग की टीम ने की मुलाकात

मेट्रो रेस



**रांची:** आज झारखण्ड झारखण्ड युवा कांग्रेस, कला एवं संस्कृति विभाग की टीम ने कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। आगामी 9 अगस्त को युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर युवा कांग्रेस के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमे उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह जी ने युवा कांग्रेस में किए गए अपने अनुभव को सभी के साथ साझा करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें मिलकर काम करना होगा ताकि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के प्रत्याशी जीत हासिल कर सकें। मैं इस दिशा में अंशु तिवारी की टीम एवं युवा कांग्रेस को सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ।

झारखण्ड युवा कांग्रेस कला एवं संस्कृति विभाग की चेयरमैन अंशु तिवारी ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही हम एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। आगामी 9 अगस्त को युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर रांची में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हमने मंत्री को विशेष रूप से आमंत्रित किया है। हमें विश्वास है कि उनका मार्गदर्शन और समर्थन हमारे अभियान को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

इस अवसर पर रांची महानगर कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रिंस बट्ट, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव मेहुल प्रसाद, कला एवं संस्कृति विभाग के महानगर अध्यक्ष अमित अक्षत, और जिला अध्यक्ष अभिशान्त गौरव भी उपस्थित थे।


Jharkhand Council of Educational Research and Training, Ranchi

Notice for Employment

Memo No: JCERT(Est) 01/13/2021/1060 Ranchi, Dated: 30/07/2024

Director, JCERT invites application from retired Officers/ Person having experience of working in the field of education for taking service on contractual basis for the post of Accountant as per details along with application Format given in the advertisement uploaded on the official website https://jcert.jharkhand.gov.in. Last date for submission of application is 30/08/2024.

Sd/-
(Aditya Ranjan )
Director

PR 331365 (Jharkhand Council of Educational Research and Training) 24-25 (D)


# मुख्यमंत्री से मिला वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल

मेट्रो रेस



**रांची:** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिल कर उन्हें 10 सूत्री मांग-पत्र सौंपा। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू के नेतृत्व में विधानसभा भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की गई। सर्वप्रथम वैश्य मोर्चा की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर को शाल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने विस्तार से वैश्य एवं पिछड़ों की समस्याओं से अवगत कराया। श्री साहू ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बताया कि ओबीसी को 27% आरक्षण नहीं मिलने से छात्रों एवं नौकरी के अभ्यर्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई जिलों में पिछड़ों का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। वैश्य समाज के लोगों की जमीन पर कब्जा किया गया है। वैश्यों को झूठे केस में फंसाया जाता है। आप राज्य के मुखिया हैं। सभी को लाभ और सुरक्षा मिले, ऐसी व्यवस्था हो।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि वे सभी मांगों पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि आप लोग मुझे अपना समझें, मैं भी आप साथ खड़ा हूँ। इस प्रतिनिधिमंडल में कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहू, अनंतलाल विश्वकर्मा, वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, रामसेवक प्रसाद, अश्विनी साहू, सुरेश साहू, केंद्रीय उपाध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद, प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद, अशोक गुप्ता, केंद्रीय महासचिव दिनेश्वर मंडल, कंचन साहू, कपिल प्रसाद साहू, केंद्रीय सचिव रामाशंकर राजन, संगठन सचिव उपेन्द्र गुप्ता, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहू, जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहु (रांची), सुनील प्रसाद साव (चाईबासा), महासचिव विनोद गुप्ता (चाईबासा), युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहू, केंद्रीय सदस्य डॉ। अरविंद कुमार, राजाराम प्रसाद, भुनेश्वर साव, राजमुनि कमलापुरी, आशीष अग्रवाल, अजय केशरी, डॉ। मुरली प्रसाद, गोपाल सोनी, संजय केसरी, भुवनेश्वर सोनी व अन्य शामिल थे।


कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास)
जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा

-: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :-

लोहरदगा जिले के इच्छुक ग्रामीण किसान/पशुपालक/दुग्ध उत्पादक को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0–17रा0 (वि0) दिनांक–16.07.2024 अन्तर्गत प्रशिक्षण योजनाओं का क्रियान्वयन गव्य विकास प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, रांची द्वारा आयोजित किया जाना है जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

(क) वित्तीय वर्ष 2024–25 में IGNOU के माध्यम से संचालित DIPLOMA IN DAIRY TECHNOLOGY (DDT) अभ्यर्थियों की योग्यता कम से कम 10+2 उर्त्तीण हो, को एक वर्ष का डेयरी टेक्नोलोजी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम।
(ख) वित्तीय वर्ष 2024–25 में IGNOU के माध्यम से संचालित AWARENESS PROGRAMME ON DAIRY FARMING (APDF) योजना। प्रशिक्षणार्थी की योग्यता मैट्रिक उर्त्तीण हो एवं पशुपालकों के पास कम से कम 05 दुधारू मवेशी हो।
(ग) वित्तीय वर्ष 2024–25 में छः दिवसीय आवासीय दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण योजना। छः दिवसीय प्रशिक्षण योजना हेतु निम्न बिन्दुओं की आवश्यकता है:–
- प्रशिक्षणार्थी का साक्षर होना अनिवार्य है।
- न्यूनतम उम्र 18 वर्ष एवं अधिकतम 55 वर्ष।
- वैसे पशुपालक जिन्हें विगत तीन वर्षों के अन्दर विभागीय योजना के तहत् दुधारू पशु उपलब्ध कराया गया है तथा उनके पास अभी दुधारू पशु उपलब्ध है उन्हे प्राथमिकता के आधार पर भेजा जाएगा।
- झारखण्ड मिल्क फेडरेशन द्वारा संचालित प्रत्येक बल्क मिल्क कूलर से संबद्ध दुग्ध आपूर्तिकर्त्ता को प्राथमिकता दी जाएगी।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के सभी लाभुक जो अप्रशिक्षित है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण हेतु चयन किया जाएगा तदोपरात मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाएगी।
- इच्छुक ग्रामीण किसान/पशुपालक/दुग्ध उत्पादक जो पूर्व से गाय/भैंस रखते हो या रखने के इच्छुक हो उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

नोटः– प्रशिक्षण/DIPLOMA हेतु आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा से कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। विशेष जानकारी हेतु 7992340915 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक/–
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,लोहरदगा

PR 331285 Lohardaga(24-25).D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## प्रकृति का तांड़व

**केरल** के वायनाड में तेज बारिश के बाद हुए भूस्खलन के कारण मरने वालों की संख्या 165 तक पहुंच चुकी है। 220 लापता हैं तथा 131 घायल हुए हैं। मुंड़क्कई,अय्यामाला,चूरलमाला और नूलपुझा गांव में देर रात को हुई इस दुर्घटना के बाद बचाव कार्य जारी है। हजारों लोगों को बमुश्किल निकाला जा सका तथा उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम जारी है। इस बीच मौसम विभाग भारी बरसात की चेतावनी अब भी दे रहा है। मल्लपुरम,कोझिकोड़, वायनाड़,कन्नूर और कासरगोड़ जिलों में चेतावनी के साथ ही एनार्कुलम, इडुक़्की, त्रिशूर में भी भारी बरसात होने की संभावनाएं व्यक्त की गई हैं। वायनाड का मुख्य पुल बह जाने से सैकड़ों फंसे लोगों का बचाव मुश्किल हो गया है। ढेरों घर बह गए हैं। करीब के चाय बागान के 35 कर्मचारियों का भी पता नहीं चल पाया है। हालांकि अब तक यह पता नहीं चल सका है कि चाय बागानों में कितने मजदूर काम कर रहे थे। पांच साल पहले भी इन्हीं गांवों में भूस्खलन हुआ था जिसमें 50 से ज्यादा घर बह गए थे। लापता लोगों में से पांच का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। इसलिए परिवार बेहाल हैं। वे अपनों को ढूढने और अपने तबाह हो गए घर को देखने की गुहार लगा रहे हैं। मोबाइल टावरों के क्षतिग्रस्त होने से फोन सेवाएं भी बाधित हैं। आपदा प्रबंधन दल के लिए उन इलाकों तक पहुंचने में खासी दिक्कतें आ रही हैं। वे केबल के सहारे हैं तथा हैलीकॉप्टर से घायलों को लाने- ले जाने का काम कर रहे हैं। वायनाड़ पठारी इलाका है जिसकी 51 भूमि पहाड़ी ढलान वाली है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार केरल का 43 इलाका भूस्खलन प्रभावित इलाका है। मानसून के दौरान यहां हमेशा जबरदस्त बरसात होती है। नदियों में बरसाती पानी के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है। प्राकृतिक आपदाओं के चलते प्रति वर्ष देश में हजारों लोग मारे जाते हैं और हजारों लोग बेघर हो जाते हैं। देखने में आया है कि हाल के वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं की बारंबारता में इजाफा हुआ है। बेशक सरकार मदद करती है मुआवजा भी देती है। मगर इससे पीड़ि़तों को न तो खास राहत नहीं मिलती है न ही सबको मिल सकती है। सरकारी महकमे की धांधली से बचाव असंभव है। सेना के तीनों अंग और एनडीआरएफ ऐसे वक्त में आपदाग्रस्त देशवासियों के खासे मददगार साबित होते हैं।

## फिर न हो ऐसा हादसा

**देश** की राजधानी में आईएएस बनने की आकांक्षा लेकर आए तीन स्टूडेंट्स की जिन हालात में मौत हुई, वह दुखद तो है ही, शर्मनाक भी है। इस घटना ने राष्ट्रीय राजधानी में इन्फ्रास्ट्रक्चर मेनटेनेंस से जुड़े तमाम विभागों और उनके कर्मचारियों पर ही नहीं, इनके संचालन और देखरेख की जिम्मेदारी संभाल रहे राजनीतिक नेतृत्व पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की गंभीरता ने स्थानीय प्रशासन और राजनीतिक नेतृत्व को जैसे नींद से जगाया। न केवल धड़ाधड़ कई गिरफ्तारियां कर ली गईं बल्कि कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ बर्खास्तगी और निलंबन जैसे कदम उठाते हुए घटना के सभी पहलुओं की विस्तृत जांच के आदेश भी दे दिए गए। संसद में भी यह मामला गूंजा। गौर करने की बात यह है कि इस दुखद घटना को अंजाम देने वाले हालात न तो नए हैं और न ही ऊपर से नीचे तक सरकारी तंत्र का कोई भी हिस्सा इनसे अनजान है। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्रनगर और मुखर्जी नगर जैसे इलाके आईएएस कोचिंग हब के रूप में काफी पहले से जाने जाते रहे हैं। वहां कैसी इमारतों में किन हालात में कोचिंग सेंटर चलते हैं और स्टूडेंट्स प्रतिष्ठित सेवाओं की तैयारी करते हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। इससे पहले भी आग लगने जैसी घटनाएं उन विषम हालात की ओर सबका ध्यान खींच चुकी हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सबको पहले से यह सब पता था, तो समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं हुई और यह भी कि क्या गारंटी है, कुछ समय बाद फिर सबकुछ पहले जैसा ही नहीं हो जाएगा। यही इस पूरी घटना का सबसे गंभीर पहलू है और इसी बिंदु पर हमें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिलता। घटना के बाद इखढ और आम आदमी पार्टी के बीच जिस तरह एक-दूसरे पर दोष मढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया, वह भी निराश करता है। जहां बीजेपी इसके लिए एमसीडी और राज्य की सत्ता संभाल रही अअढ को यह कहते हुए जिम्मेदार बता रही है कि सारे संबंधित विभाग इन्हीं दोनों के अंतर्गत आते हैं, वहीं एमसीडी नेताओं का कहना है कि तमाम अफसरों को दंडित या पुरस्कृत करने का अधिकार एलजी के हाथों में है। सवाल यह है कि क्या ऐसी हर त्रासदी पर राजनीति दिल्ली के लोगों की नियति है या कोई आगे बढ़कर इनकी जिम्मेदारी भी लेगा और ऐसी घटनाएं दोबारा न होने देने का संकल्प भी करेगा।

# अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई

> एससी और एसटी लगातार सामान्य और ओबीसी श्रेणियों के लोगों से पीछे हैं। समग्र गिनी गुणांक 2017–18 में 0 .359 से घटकर 2022–23 में 0 .309 हो गया, जो इस अवधि के दौरान कुल आय असमानता में 050 की कमी दर्शाता है। एसटी श्रेणी में गिनी गुणांक 322 से घटकर 0 .268 हो गया, जो 0 .054 अंकों की गिरावट है। यह इस समुदाय के भीतर खपत के समान वितरण में सुधार का संकेत देता है। एससी श्रेणी में 312 से घटकर 0 .273 हो गया। ओबीसी श्रेणी में गिनी गुणांक में 336 से 0 .288 तक की गिरावट देखी गई, जो 0 .048 अंकों की कमी है। सामान्य श्रेणी में सबसे अधिक कमी देखी गई, जो 379 से 0 .306 तक थी, जो 0 .073 अंकों की गिरावट के बराबर थी। यह कमी सामाजिक गतिशीलता और प्रभावी नीति हस्तक्षेपों सहित विभिन्न सामाजिक–आर्थिक परिवर्तनों का संकेत हो सकती है।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**भारत** में असमानता, संपन्नता और निर्धनता के बीच के द्वंद्व से परे है, क्योंकि जाति आधारित असमानताएं देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे की परिभाषित विशेषताओं में से एक हैं। वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब के एक हालिया वर्किंग पेपर ने अमीर और गरीब के बीच की खाई को चौड़ा किया है। जाति आधारित असमानताएं देश के सामाजिक आर्थिक ढांचे की परिभाषित विशेषताओं में से हैं। आर्थिक असमानता का आकलन करने के लिए गिनी गुणांक और प्रतिशत अनुपात महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में काम करते हैं। यह लोरेंज कर्व से लिया गया है। इसका उपयोग किसी देश में आर्थिक विकास के संकेतक के रूप में किया जा सकता है। गिनी गुणांक किसी आबादी में आय समानता की डिग्री को मापता है। गिनी गुणांक 0 (पूर्ण समानता) से 1 (पूर्ण असमानता) तक भिन्न हो सकता है। शून्य का गिनी गुणांक का मतलब है कि सभी की आय समान है, जबकि 1 का गुणांक एक व्यक्ति को सभी आय प्राप्त करने का प्रतिनिधित्व करता है।

समग्र रूप से और अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और सामान्य श्रेणी जैसे सामाजिक समूहों के भीतर उपभोग असमानता में परिवर्तन। 2022-23 में, जबकि एसटी की आबादी 9 प्रतिशत थी, उनकी खपत हिस्सेदारी केवल 7 प्रतिशत थी। अनुसूचित जाति की आबादी 20 प्रतिशत थी और उनकी खपत में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत थी। ओबीसी (आबादी का 43 प्रतिशत) की खपत में हिस्सेदारी 41 प्रतिशत थी। आबादी का 28 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद, सामान्य वर्ग ने 36 प्रतिशत की उल्लेखनीय रूप से उच्च खपत हिस्सेदारी हासिल की। ये निष्कर्ष विभिन्न सामाजिक समूहों में खपत के वितरण में लगातार असमानताओं को रेखांकित करते हैं। एससी और एसटी लगातार सामान्य और ओबीसी श्रेणियों के लोगों से पीछे हैं। समग्र गिनी गुणांक 2017-18 में 0.359 से घटकर 2022-23 में 0.309 हो गया, जो इस अवधि के दौरान कुल आय असमानता में 050 की कमी दर्शाता है। एसटी श्रेणी में गिनी गुणांक 322 से घटकर 0.268 हो गया, जो 0.054 अंकों की गिरावट है। यह इस समुदाय के भीतर खपत के समान वितरण में सुधार का संकेत देता है। एससी श्रेणी में 312 से घटकर 0.273 हो गया। ओबीसी श्रेणी में गिनी गुणांक में 336 से 0.288 तक की गिरावट देखी गई, जो 0.048 अंकों की कमी है। सामान्य श्रेणी में सबसे अधिक कमी देखी गई, जो 379 से 0.306 तक थी, जो 0.073 अंकों की गिरावट के बराबर थी। यह कमी सामाजिक गतिशीलता और प्रभावी नीति हस्तक्षेपों सहित विभिन्न सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों का संकेत हो सकती है। यह भारत के सामाजिक समूहों के बीच अंतर्निहित आर्थिक असमानताओं को प्रकट करता है। एसटी और एससी समुदाय सबसे स्पष्ट विसंगतियों को सहन करते हैं। एसटी, एससी और ओबीसी समूहों के लिए, 2017-18 से 2022-23 तक उपभोग के स्तर में कमी आई है, जो निचले 20 प्रतिशत दशमलव के लिए मामूली है। सामान्य श्रेणी के लिए, उपभोग के स्तर में कमी अधिक स्पष्ट है जो सामान्य आबादी के सबसे गरीब तबके के बीच उपभोग में सापेक्ष गिरावट को दर्शाती है। शीर्ष 20 प्रतिशत दशमलव में सभी सामाजिक समूहों के लिए उपभोग में थोड़ी वृद्धि हुई है। सामान्य श्रेणी में विश्लेषण के तहत दो अवधि के बीच 10 प्रतिशत अंकों की महत्वपूर्ण वृद्धि का अनुभव होता है। सामान्य वर्ग के सबसे धनी वर्ग में यह असमान वृद्धि उच्च जातियों के बीच धन के संभावित संकेन्द्रण को दर्शाती है। सामान्य वर्ग और अन्य सामाजिक समूहों के बीच असमानता महत्वपूर्ण बनी हुई है, जो उपभोग पैटर्न में लगातार विसंगतियों को रेखांकित करती है। भारत ने बहुआयामी गरीबी से लाखों लोगों को बाहर निकालने में उल्लेखनीय प्रगति की है, फिर भी विभिन्न जाति समूहों के बीच असमानता बनी हुई है। संविधान द्वारा जाति भेदभाव को समाप्त करने और सकारात्मक कार्रवाई कार्यक्रमों की शुरूआत के बावजूद, जाति की छाया आर्थिक वास्तविकताओं को आकार देना जारी रखती है। केंद्र ने इन असमानताओं को कम करने के लिए आरक्षण, ग्रामीण विकास पहल और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण सहित कई नीतियां बनाई हैं। विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के बीच उपभोग पैटर्न में असमानताएं आय, संसाधनों तक पहुंच या क्रय शक्ति में संभावित असमानताओं को दशार्ती हैं। प्रयासों को निचले तबके के लोगों, विशेष रूप से एसटी और एससी समुदायों के बीच आय सृजन और उपभोग क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। समाज में सामाजिक सद्भाव और आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए यह आवश्यक है। अधिक आर्थिक समानता की दिशा में निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समूहों द्वारा सामना की जाने वाली विशिष्ट सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों को संबोधित करने वाले रुझानों और लक्षित हस्तक्षेपों की निरंतर निगरानी आवश्यक है। विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के बीच उपभोग पैटर्न में असमानताएं आय, संसाधनों तक पहुंच या क्रय शक्ति में संभावित असमानताओं को दशार्ती हैं। निम्न आय वर्ग, खास तौर पर अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति समुदायों के बीच आय सृजन और उपभोग क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। यह समाज में सामाजिक सद्भाव और आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए भी आवश्यक है। अधिक आर्थिक समानता की दिशा में सतत प्रगति सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समूहों के सामने आने वाली विशिष्ट सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए प्रवृत्तियों की निरंतर निगरानी और लक्षित हस्तक्षेप आवश्यक है।

# हादसे के शिकार होते कोचिंग केंद्र

> पिछले कुछ वर्षों में कोचिंग संस्थानों में आग लगने की घटनाएं होती रही हैं ।अब दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में एक नामचीन कोचिंग संस्थान के तलघर या बेसमैंट में जहां विद्यार्थी उपस्थित थे अचानक कंधों से ऊपर तक इतना पानी भर गया कि कोचिंग लेने वाले तीन व्यक्तियों, दो युवतियां और एक युवक, जो आईएएस ( सिविल सर्विस ) की तैयारी कर रहे थे, उनकी जान चली गई । अब तक ज्ञात तथ्यों से यह दुर्घटना आपराधिक लापरवाही का परिणाम लगती है परंतु इसकी जिम्मेदारी तय करना विवादास्पद ही रहेगा । यह अमानवीय दर्दनाक हादसा एक गैरकानूनी ढंग से बिना अनुमति के चलने वाली कोचिंग केंद्र की निजी व्यवस्था के तहत हुआ ।

**गिरीश्वर मिश्र**

**भारत** एक महान देश है जिसके पास अतीत की बड़ी थाती है । हम सभी नागरिक देशभक्त हैं और भारतीय होने पर गर्व भी करते हैं । यह महान देश निकट भविष्य में 'विश्व-गुरु' बनने की उत्कट इच्छा पाले हुए है । इसके साथ ही भारत को 'विकसित देश' और तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति का दावा भी कर रहा है। इसे बनाने के लिए सभी कटिबद्ध भी हैं ।इस दृष्टि से युवा वर्ग की खास भूमिका और दायित्व है । आज देश में सामाजिक और भौतिक विविधताएं तो हैं ही आर्थिक विषमता भी बहुत ज्यादा है। हर युवा ऊंची से ऊंची उड़ान भरने के लिए स्वाभाविक रूप से आतुर रहता है । इस हलचल भरे माहौल में युवा वर्ग अपने भविष्य को संवारने के लिए घर-बार छोड़ कर अपना भविष्य संवारने हेतु कोचिंग में पढ़ाई करने के लिए बड़े शहरों की ओर रुख करते हैं । उनके अभिभावक रुपया-पैसा जुटा कर अपने बच्चों को कोचिंग के साथ परीक्षा की तैयारी में आर्थिक मदद करते हैं ।

आशाओं और आकांक्षाओं की उठापटक के बीच ये युवा कठिन परिस्थितियों में अथक परिश्रम करते हैं । वे अपने सपनों को साकार करने के लिए धैर्यपूर्वक और लगन के साथ कोशिश करते हैं । अब औपचारिक डिग्री की गुणवत्ता पिटने के फलस्वरूप हर काम के लिए, यहां तक कि अगली कक्षा में प्रवेश या फैलोशिप के लिए भी कोई न कोई परीक्षा देना अनिवार्य हो चुका है । खस्ताहाल हो रहे विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय की पढ़ाई अपर्याप्त होती है। ऐसे में यदि कोचिंग केंद्रों की झड़ी लग रही है तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं । पर इस बेहद लोकप्रिय और नफे वाले शानदार व्यापार के विस्तार के साथ इसके सुचारु संचालन लिए जरूरी आधारभूत सुविधाओं का घोर अभाव भी होता है । वस्तुतः व्यावसायिक कोचिंग का विशाल धंधा शिक्षा की घोर दुरवस्था की स्थिति का बयान करता है ।

पिछले कुछ वर्षों में कोचिंग संस्थानों में आग लगने की घटनाएं होती रही हैं ।अब दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में एक नामचीन कोचिंग संस्थान के तलघर या बेसमैंट में जहां विद्यार्थी उपस्थित थे अचानक कंधों से ऊपर तक इतना पानी भर गया कि कोचिंग लेने वाले तीन व्यक्तियों, दो युवतियां और एक युवक, जो आईएएस ( सिविल सर्विस ) की तैयारी कर रहे थे, उनकी जान चली गई । अब तक ज्ञात तथ्यों से यह दुर्घटना आपराधिक लापरवाही का परिणाम लगती है परंतु इसकी जिम्मेदारी तय करना विवादास्पद ही रहेगा । यह अमानवीय दर्दनाक हादसा एक गैरकानूनी ढंग से बिना अनुमति के चलने वाली कोचिग केंद्र की निजी व्यवस्था के तहत हुआ । जब भी गम्भीर घटना होती है जनता की आवाज उठती है और 'जांच कमेटी बैठेगी', 'सख्त कार्रवाई होगी', 'कानून अपना काम करेगा' और 'दोषी को बख्शा नहीं जायेगा' कहते हुए सरकार जगती है। उसकी ओर से प्रतिक्रिया का यह चिरपरिचित सधा-सधाया 'स्टैण्डर्ड' तरीका हो चुका है। कभी-कभी उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय जरूर अपनी आंख खुद खोल कर खास मामले का संज्ञान ले कर कार्रवाई करता है । मानव अधिकार आयोग भी कुछ ऐसा करता है । पर यह सब बड़े दुर्लभ प्रकरण में ही होता है जिसका निश्चय न्यायमूर्ति के नजरिए से होता है । प्रायः घटनाओं को और उनके आशय को अपनी मौत मरने के लिए छोड़ दिया जाता है। समय बीतने के साथ लोग भूल जाते हैं और जिंदगी में आगे बढ़ जाते हैं। राजनीति और राजनेता भी बदल जाते हैं। हम अकसर वहीं खड़े रहते हैं जहां पहले खड़े थे। यथास्थितिवाद हमें और हमारे प्रिय नेताओं की बड़ी पसंदीदा तकनीक है। विद्यालय की पढ़ाई से विद्यालय की परीक्षा की तैयारी और कोचिंग की पढ़ाई से व्यावसायिक परीक्षा की तैयारी, यह आज अभिभावक और विद्यार्थी के मन में एक स्पष्ट समीकरण बन चुका है । इसी के अनुसार जीवन की डगर पर कदम बढ़ाने की कवायद चल रही है । आज मेधावी बच्चे विद्यालय को छोड़ कोचिंग में भर्ती हो रहे हैं । सरकारी शिक्षा के प्रति सरकार, समाज और विद्यार्थी सबका अविश्वास बढ़ रहा है । इसकी रोकथाम करने के बदले साझी प्रवेश परीक्षा इसी अविश्वास की पुष्टि करती है और घोषित करती है कि विद्यालय की पढ़ाई जैसे हो रही थी जारी रहेगी यदि आगे पढ़ने-पढ़ाने की इच्छा है तो विद्यालयी परीक्षा के अतिरिक्त इस नई परीक्षा को अनिवार्य रूप से पास करना होगा । विद्यालय की पढ़ाई प्रवेश परीक्षा के लिए सिर्फ प्रवेश पत्र रह जाएगी। गौरतलब है कि शिक्षा पर बाजार की जकड़न दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। कोचिंग केंद्र का गैर जिम्मेदार संचालन करने वाले अवैध अड्डा सरकारी तंत्र की आंखों के सामने चलता था और जाने कितनी जगह अभी भी चल रहा है। सरकारी व्यवस्था अकसर इस बात से बेखबर और उदासीन रहती है कि शिक्षा और कोचिंग के संस्थानों में क्या और कैसे हो रहा है । युवा वर्ग की जिंदगी के साथ इस तरह का खिलवाड़ अक्षम्य अपराध है । यह अलग बात है कि ऐसे और इसी तरह के हादसे गैरकानूनी शिक्षा की दुकानों में और उनके आस पास विद्यार्थियों के रहने के लिए बने ' पीजी' आवासों में आये दिन होते रहते हैं । यहां ठूंस-ठूंस कर बच्चे भरे जाते हैं । मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से निहायत बुरे हालात में चलने वाले ये कोचिंग के व्यापार केंद्र देश में शिक्षा की दुर्गति की हकीकत बयान करते हैं । आज की जनसंख्या में युवा-वर्ग के अनुपात में वृद्धि के साथ शिक्षा पर दबाव लगातार बढ़ रहा है ऐसे में कोई राहत नजर नहीं आती । सार्वजनिक क्षेत्र की तुलना में निजी क्षेत्र का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है क्योंकि सरकार की ओर से न पर्याप्त निवेश हो रहा है न व्यवस्था ही ठीक हो पा रही है । चूंकि शिक्षा देश के समाज के मानस-निर्माण, उत्पादकता तथा सर्जनात्मक नवोन्मेष सब के लिए महत्वपूर्ण है इस समस्या पर तत्काल ध्यान देना आवश्यक है।

## शरणागति

**डॉ. ज्ञानानंददास स्वामी**

### चिंतन-मनन

**मानव** का जीवन बड़ा ही विचित्र है। कहते तो सभी हैं कि जीवन में सुख और दुःख समान रूप से आते हैं किंतु सभी का अनुभव कहता है कि यहां सुख कम हैं और दुःख अधिक। ऐसी परिस्थिति में व्यक्ति को न तो बाहर निकलने का रास्ता मिलता है न ही रक्षा के लिए कवच! नतीजा वह टूट जाता है बिखर जाता है। अर्जुन का विषाद बहुगुणित होता जा रहा था। उसका हताश मन और टूटता तन नियंत्रण से बाहर थे। हालांकि अपनी इस विषादमयी परिस्थिति को सही ठहराने का उसने भरकस प्रयास किया था। किंतु अब तो उसका मन और मस्तिष्क भी उसका साथ छोड़ रहे थे। किंतु इस विषम परिस्थिति में उसने एक कदम ऐसा उठाया जिसने उसे विषाद के दावानल से बाहर निकाल कर विजेता बना दिया। वह कदम था शरणागति! अर्जुन ने भगवान के सामने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने कहा ,मैं अस्थिर, धर्म से विमूढ़ और कायरतारूपी दोष से आहत हूं। अब मैं आपकी शरण में हूं, इसलिए जो मेरे लिए श्रेय हो, वह आप ही बताएं।' यह उसका सही कदम था। गलती हो गई लेकिन ईश्वर कृपा करके गलती सुधारने की चेतावनी देती है। ऐसे कई लोग हैं जो अपनी ताकत, विश्वास या विचारों के आत्मघात के समय अपने को बचाने के बारे में सोचते हैं। लेकिन अर्जुन की तरह,श्रेष्ठ मित्र, गुरु की शरणागति लेते ही बहुत ही आसानी से अपने सभी दुःखों, पापों, संदेह या अपराधबोध से बाहर आ सकते हैं। महंतस्वामी महाराज समझाते हैं ,शरणागत भक्त सबसे पहले अहंकार को छोड़ कर अपने दोषों का स्वीकार करता है। वह स्वयं को पूर्ण समर्पित कर देता है। उसकी शरणागति में भाव की परम शुद्धि अनिवार्य है।' अर्जुन की यही विशेषता थी। उसकी भावना थी, ,मैं न केवल आपका शिष्य हूं, बल्कि एक भक्त भी हूं, अब मुझे आप संभाल लेना।' यहां पर अर्जुन ने मानव रूप में पधारे भगवान को पहचाना और उनकी अद्वितीय शरण ली। इस अवसर पर सुख-दुःख में साथ देने वाले परम मित्र भाई और गुरु श्रीकृष्ण पर उसका परम विश्वास प्रकट होता है। यह अर्जुन का सही समय पर सही निर्णय था। शरणागति के वचन से ही वह स्थिर होने लगा।

## आपके पत्र

### दिल्ली के कोचिंग सेंटर में हादसा चिंता का विषय

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में एक बहुत दुखद हादसा हुआ है। पुराने राजेंद्र नगर में स्थित एक कोचिंग सेंटर में, जोकि बेसमेंट में था, पानी भरने से कुछ छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। छात्रों ने बताया कि कुछ ही पलों में पानी छात्रों की जान का दुश्मन बन गया। इस हादसे ने फिर सरकार और प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सवाल तो यह है कि आखिर इस कोचिंग सेंटर का निर्माण इस तरह क्यों नहीं किया गया कि वहां बारिश का पानी नहीं घुस पाता। हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी जहरीली और गहरी हो चुकी हैं कि लोग दूसरों की जान की परवाह भी भ्रष्टाचार में अंधे होकर नहीं करते। खास तौर पर सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार बहुत ज्यादा है। इस मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

**विनीता लाल, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के ससमय क्रियान्वयन को रोकर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला संपन्न

मेट्रो रेज

**दुमका :** जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोडे की अध्यक्षता में झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के ससमय क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विधिवत रूप से जिले के उपायुक्त द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा 21-50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में प्रत्येक माह 1000 रुपए प्रदान करने के उद्देश्य से झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लाई गई है। योजना से जिले के योग्य लाभुकों को अच्छादित करने के लिए आगामी 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जायेगा। लाभुकों को आवेदन जमा करने के लिए पंचायतों में लगने वाले शिविर में आना होगा। आवेदन के स्वीकृति के लिए पदाधिकारी के रूप में अधिकृत बीडीओ/सीओ आवेदनों का सत्यापन तीन दिनों के अंदर करेंगे। दुमका जिले में कुल 2,55,077 महिलाओं को इस योजना से अच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान उपायुक्त ने शिविरों के सफल संचालन के लिए सभी जरूरी कार्य समय पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही सीएससी मैनेजर को डाटा इंट्री का प्रशिक्षण और उसका डेमो देने, शिविरों में पर्याप्त संख्या में कर्मी की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है। योजना का लाभ लेने से एक भी योग्य महिला नहीं छुटे। उपायुक्त ने ग्राम स्तर पर महिलाओं को योजना के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। आवेदन पत्र का वितरण पंचायत भवनों, आंगनबाड़ी केन्द्रों आदि से सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को योजना की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को योजना का संचालन सफलतापूर्वक सुनिश्चित करने में गंभीरता पूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया।



**झारखण्ड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना**

आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न की जायेगी।

1. आवेदिका के मतदाता पहचान पत्र।
2. आधार कार्ड।
3. आधार लिंकड बैंक खाता का पासबुक। आवेदिका का सिंगल बैंक अकाउंट होना चाहिए।
4. आवेदिका का रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो।
5. राशन कार्ड।
6. पात्रता संबंधी घोषणा पत्र।
7. मोबाईल नम्बर।

रजिस्ट्रेशन हेतु ओटीपी के लिए आवेदिका अपने मोबाईल के साथ कैम्प में उपस्थित रहेंगी।

**झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए पात्रता निम्नवत होगी :-**

1. झारखंड की निवासी हों।
2. आवेदन के समय महिला 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी हो तथा 50 वर्ष से कम आयु की हो।
3. आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता हो। वर्तमान में जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी इस योजना का लाभ दिसम्बर-2024 तक उठा सकते हैं, लेकिन इस अवधि के पश्चात आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु बैंक खाता का आधार लिंक्ड कराना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका का मतदाता पहचान पत्र हो।
5. आवेदिका का आधार कार्ड हो।
6. आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्य योजना कार्ड (पीला रंग का राशन कार्ड) / पर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी रंग का राशन कार्ड) / राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड) / हरा रंग का पृथक राशन कार्डधारी हो।

## अपवर्जन मानक, निम्न परिस्थितियों में आवेदिका इस योजना के तहत लाभ पाने की अधिकारिणी नहीं होगी -

- आवेदिका स्वयं या उनके पति, केन्द्र / राज्य सरकार अथवा केन्द्रीय/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विधिक निकाय, स्थानीय निकाय, शहरी निकाय तथा सरकार से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नियमित / स्थायीकर्मी / संविदाकर्मी / मानदेयकर्मी के रूप में नियोजित हों अथवा सेवानिवृत के उपरान्त पेंशन / पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहे हो।
- जिनके परिवार का कोई सदस्य वर्तमान अथवा भूतपूर्व सांसद / विधायक हों।
- आयकर अदा करने वाले परिवार। परिवार से अभिप्रेत है– पति/पत्नी, नाबालिग बच्चे, दिव्यांग बच्चे।
- जिन लाभुकों को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा संचालित किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ पूर्व से प्राप्त हो रहा हो, उन्हें इस योजना का लाभ प्रदान नहीं किया जायेगा।
- ईपीएफ धारी आवेदक महिला।

कार्यशाला में उप विकास आयुक्त,वन प्रमंडल पदाधिकारी, निदेशक आईटीडीए, सहायक समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

**मईयां सम्मान योजना का व्यापक प्रचार- प्रसार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना**

दुमका : झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोडे ने बुधवार को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया । इस जागरूकता रथ के माध्यम से जिला अंतर्गत योजना का प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।

**क्या है योजना :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। राज्य सरकार द्वारा 21-50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में प्रत्येक माह 1000 रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

**किसे मिलेगा लाभ :** लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है। आवेदिका झारखण्ड की निवासी हों उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर झ 2024 तक उठा सकतीं हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड)/केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।

न्यूज ब्रीफ

## बाइक पर सवार युवकों को अज्ञात बोलेरो ने मारी टक्कर , घायल

**साहिबगंज :** बोरियो थाना क्षेत्र के बांझी मुख्य सड़क पर बाइक पर सवार युवकों को अज्ञात बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दिया ।जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए ।स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें ऐक युवक उधवा पतैड़ा निवासी सामवेल सोरेन हैं।जबकि दूसरा नरगंज बोरिया निवासी जोसेफ किस्कू हैं। दोनों रिश्ते में जीजा साला लगते हैं। जोसेफ ने बताया कि बोरियों के रास्ते किसी काम से बांझी आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दुर्घटना ग्रसित हो गया। जिसमें हम दोनों को गंभीर चोट लगी। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को कॉल कर बुलाया और इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर सचिन कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया।

## शहीदा खातून ने जिरवाबाडी थाना प्रभारी को आवेदन देकर की शिकायत

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के मदनशाही निवासी सहीदा खातून व उसके स्वजनों के साथ जुआ खेलने से मना करने पर कुछ लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। जिसमें साहिदा खातून गंभीर रूप से घायल हो गई। सहीदा खातून ने जिरवाबाडी थाना प्रभारी को आवेदन देकर शिकायत कि है। सहीदा खातून ने बताया कि विगत दस से पंद्रहा दिनों से मेरे घर के बगल में अतुल अंसारी,सोमरा अंसारी,अताकुल अंसारी सहित 10 से 15 की संख्या में कुछ लोग जुआ खेल रहे थे और वहां पर गांजा का नशा और गाली गलौज भी करते थे। जब हमने उन लोगों को जुआ खेलने से मना करने लगे तो उन लोगों ने गाली गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट शुरू कर दिया। मुझे बचाने के लिए मेरा परिवार आया तो उन लोगों के साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट किया। मारपीट के दौरान उन लोगों ने चांदी का चेन छीन लिया।बताया कि जुआ खेलने वाले लोगों की शिकायत मैंने अपने मुखिया से भी किया था मुखिया ने भी उन लोगों को समझाया कि यहां जुआ मत खेलो इसके बावजूद वह लोग लगातार जुआ खेलते रहे। और मंगलवार की रात हम लोगों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। इधर खाना प्रभारी अनीश पांडेय ने बताया कि मामले को लेकर कार्रवाई की जा रही है।

## एडीआरएम ने यात्रियों के लिए विधि व्यवस्था दुरुस्त करने का दिया निर्देश



**साहिबगंज :** मालदा रेल खंड अंतर्गत एडीआरएम शिव कुमार प्रशाद अपने विशेष सैलून पहुंचे।जहां उन्होंने प्लेटफार्म संख्या एक का निरीक्षण करते हुए यात्रियों के लिए विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। फिर एडीआरएम संयुक्त क्रु लॉबी का हर वार्ड का जायजा लिया और रेलकर्मी बोले की पायलट को होने वाली असुविधा की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया।इसी दौरान एडीआरएम ने बताया का रेल मालदा अंतर्गत समय समय पर अधिकारियों का निरिक्षण किया जाता हैं जहां संयुक्त क्रु लॉबी में लोको पायलट के रहने कि सुविधा,खाने पाने सुविधा रख रखाव मेंटेनेंस रजिस्टर सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी इकट्ठा की जहां सभी संतोषजनक पाया गया।उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि जिले में स्कोर एंड गाईड कि टीम भी कार्य कर रही हैं।उनके रहने कार्य करने की व्यवस्था का भी अभी जायजा लिया साथ ही उनकी समस्या को जाना भारत स्कोर एंड गाईड कि जो टीम हैं।और बेहतर हो सके इसके लिए संबंधित अधिकारी को दिशा निर्देश दिया गया है। वहीं दूसरी ओर ये डीआरएम ने रेल प्रबंधक के कार्यालय सभागार में आयोजित मुंशी प्रेमचंद की जयंती में शामिल हुए जहां रेल अधिकारियों ने उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रेल कर्मियों को मंच से संबोधित किया।

## प्रेमचंद की कहानी हमें जीवन से जोड़ती है:पवन



**साहिबगंज :** रेलवे स्टेशन प्रबंधक कार्यालय के सभागार में हिंदी साहित्य सम्राट प्रेमचंद की जयंती का आयोजन किया गया।अपर मंडल रेल प्रबंधक शिवकुमार प्रसाद व राजभाषा अधिकारी बाल मुकुंद श्रीवास्तव स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति साहिबगंज के अध्यक्ष और सहायक यांत्रिक इंजीनियर पवन कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रुप से प्रेमचंद के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में अपर मंडल रेल प्रबंधक ने प्रेमचंद को मिट्टी से जुड़ा हुआ साहित्यकार बताया। राजभाषा अधिकारी ने प्रेमचंद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की। अध्यक्ष स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने प्रेमचंद की कहानियों को आज भी प्रासंगिक बताया और उन्होंने कहा कि प्रेमचंद की कहानी हमें जीवन से जोड़ती है।आमंत्रित वक्ताओं ने प्रेमचंद के व्यक्तित्व, उनकी कहानियों, उनकी लेखनी पर विस्तृत चर्चा की ।मंच का संचालन वरिष्ठ अनुवाद विद्या सागर राम और कनिष्ठ अनुवादक इन्द्र ज्योति राय द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। पर्यावरण दिवस 2024 के अवसर पर रेलकर्मियों के बच्चों के लिए आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों और हिंदी निबंध टिप्पण व प्रारूप लेखन प्रतियोगिता 2024 के सफल प्रतिभागियों को अपर मंडल रेल प्रबंधक के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

## नशा करते चार युवकों को आरपीएफ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**साहिबगंज:** रेलवे स्टेशन परिसर स्थित में रेल मजिस्ट्रेट राहुल कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ इंस्पेक्टर क्रिस्टोफर किस्कू व जीआरपी थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह के साथ विशेष जांच अभियान चलाया। जांच अभियान के दौरान कई लोगों से पूछताछ की। जिसमें बाइक स्टैंड से नशा करते चार युवकों को आरपीएफ पुलिस ने अपने हिरासत में लिया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर क्रिस्टोफर किस्कू ने बताया कि जांच अभियान के दौरान मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पूरे रेल परिसर में जांच अभियान चलाया गया है। इसी दौरान मिर्जाचौकी निवासी राजेंद्र मंडल, टिंकू मंडल, करण पोद्दार एवं महाराजपुर निवासी लक्ष्मण महत्व को हिरासत में लिया गया है। बताएं कि यह लोग स्टैंड के पास कुछ नशा का सेवन कर रहे थे इसी दौरान चारों को पकड़ा गया पूछताछ के बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर जुमार्ना कर छोड़ दिया गया।ज्ञात होगी बीते सोमवार को रेलवे स्टेशन स्थित बाइक स्टैंड पर मारपीट की घटना घटित हुई थी। जिसमें नगर थाना क्षेत्र के गुल्ली भट्टा निवासी निक्कू शर्मा गंभीर रूप से घायल हुए थे। जीआरपी थाना प्रभारी अनिल कुमार ने मामला दर्ज करते हुए पुरानी साहिबगंज कबूतर खोपी निवासी लक्ष्मण मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वही छापेमारी के दौरान मौके पर आरपीएफ व जीआरपी पुलिस बल मौजूद थे ।

## जमीन विवाद को लेकर आपस में मारपीट

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुदर्जन्ना निवासी खुशनसीब खान एवं राफीक खान के स्वजनों के बीच जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गई । जिसमें आधा दर्जन से अधिकजमीनी लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर मुफस्सिल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेते हुए छानबीन में जुट गई और सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर बताया जा रहा कि रफीक खान एवं खुशनसीब खान दोनों के स्वजनों के बीच जमीन विवाद को लेकर पंचायती भी हुइ थी। बुधवार की सुबह जमीन पर बांस का टटीया जीने को लेकर विवाद हो गया और जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्ष के लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। इधर थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## शहरवासियों को एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हुआ :समाजसेवी

**साहिबगंज :** शहर के समाजसेवी सिधेश्वर मंडल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वर्ष 2008 व 2009 में साहेबगंज शहरी जलापूर्ति योजना चालू कराने के लिए हाईकोर्ट रांची में जनहित याचिका दायर किया था।वर्ष 2011 में शहरी जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया और वर्ष 2017 में कार्य बंद हो गया था।पुनः वर्ष 2018 में सिधेश्वर मंडल ने हाईकोर्ट रांची में जनहित याचिका दायर किया।उसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया और कार्य चल रहा है। मंडल ने कहा कि इतना करने के बाबजूद आज तक साहिबगंज शहरवासियों को एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के पहले भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी। उस समय विधायक अनन्त ओझा कहां थे

## काशी हिंदू विवि में आयोजित प्रतियोगिता में साहिबगंज के अमन ने हासिल किया पहला स्थान



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** शहर के कॉलेज रोड चैती दुर्गा निवासी अशोक कुमार साह और माता शोभा देवी के पुत्र अमन कुमार होली ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित हिंदी क्वेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया।यह प्रतियोगिता वस्तुनिष्ठ,निबंध लेखन एवं व्याख्यान तीन चरणों में संपन्न हुई थी। जिसमे काशी हिंदू विश्वविद्यालय से हिंदी साहित्य से परास्नातक कर रहे अमन ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाने पर प्रशस्ति पत्र एवं 1500 की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। मौके पर अमन ने कहा कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पढ़ाई करना सम्मान की बात है इस विश्वविद्यालय की विरासत है पंडित मदन मोहन मालवीय जी की इस तपोस्थली में अपना मुकाम हासिल कर पाना निश्चित रूप से गर्व से भर देता है।हिंदी साहित्य के क्षेत्र में देशभर काशी हिंदू विश्वविद्यालय अवल स्थान रखता है। भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद व धूमिल सरीखे महान साहित्यकार काशी के धरती में जन्म लिया है साथ ही साथ सैकड़ो वर्षों से ज्ञान विज्ञान अध्यात्म की धरती रही बनारस का विशेष महत्व है। हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष एवं अन्य शिक्षकों ने अमन को इस सफलता के लिए बधाई दी है। वही बताते चलें कि अमन ने अपना प्रतिष्ठा स्नातक साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज से ही किया था। अमन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता पिता को दिया।

## सिविल सर्जन ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल का सिविल सर्जन डॉ अरविंद कुमार ने औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने सर्वप्रथम स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया।कुछ स्वास्थ्य कर्मियों अनुपस्थित होने पर नाराजगी जताते हुए अनुपस्थित कर दिया। फिर सिविल सर्जन ने ओपीडी, आईपीडी, मरीज वार्ड साहित वार्ड साहित अन्य वार्डों का जायजा।साथ ही कुछ मरीजों से उनके स्वास्थ्य से संबंधित पूछताछ कर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को ससमय उपस्थित होने का निर्देश दिया। सभी स्वास्थ्य कर्मियों को हिदायत दिए की अपने कार्य के प्रति ईमानदारी बढ़ाते अन्यथा दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ ने अपनी दो सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना



मेट्रो रेज

**साहिबगंज:** झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ राजव्यापी आंदोलन के तहत अपनी दो सूत्री मांगों को लेकर साहिबगंज समाहरणालय के समक्ष संघ के जिला मंत्री जनक देव यादव के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना दिया।धरना में जिला मंत्री जनक देव यादव ने बताया कि राज्य स्तरीय सामान्य परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में राज्य के तमाम प्रखंडों में सभी पंचायत सचिवों के द्वारा एक दिवसीय धरना दिया जा रहा है। संघ के जिला मंत्री जनकदेव यादव ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित जनहित में तमाम कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं को धरातल में उतारने का दायित्व पंचायत सचिव के कंधे पर है दुर्गम से दुर्गम स्थानो से जिला मुख्यालय तक चौबीस घंटे दायित्व के बोझ तले दबे जीवन शैली निर्वहन के बावजूद सरकार के उदासीन रवैया के कारण पंचायत सचिवों की वर्षों की लंबित जायज मांगों पर शिथिलता के कारण पंचायत सचिव आंदोलन करने के लिए विवश हो गया।वही धरना समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री के नाम साहिबगंज उपायुक्त को पत्र सौपा। मौके पर महासंघ के भरत यादव,मथियास बेसरा,जागेश्वर पंडित,सहित कई पंचायत सचिव ने भाग लिया।

# वंदना कक्षा में संकुल स्तरीय प्रिंस प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** विद्या भारती विद्यालय जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, साहिबगंज के वंदना कक्ष में संकुल स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता का आरंभ जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज के प्रधानाचार्य रामदेव राम,बाबूलाल नंदलाल बोहरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर राजमहल के प्रधानाचार्य मिथिलेश सिंह,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बोरियो की प्रधानाचार्या हेमा कुमारी ने सरस्वती माता, ओंकार एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किया। प्रतियोगिता में कुल चार विद्यालय राजमहल बोरियो ,लालमाटी, साहिबगंज के भैया बहन सम्मिलित हुए। कुल छह विषय विज्ञान अंग्रेजी संस्कृत,संस्कृति बोध परियोजना,संगणक,वैदिक गणित की प्रतियोगिता काआयोजन किया गया।



प्रतियोगिता के समापन के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ साहिबगंज के विभाग प्रचारक अजय कुमार,विद्यालय के संरक्षक डॉ अरविंद प्रसाद सिंह,विद्या विकास समिति की सदस्या एवं विद्यालय की सचिव डॉ मृदुला सिन्हा उपस्थित थे। प्रतियोगिता में संस्कृति बोध परियोजना विषय शिशु वर्ग में प्रथम स्थान बोरियो,द्वितीय राजमहल,तृतीय स्थान लालमाटी।बाल वर्ग में प्रथम स्थान बोरियो द्वितीय स्थान राजमहल,तृतीय स्थान साहिबगंज,किशो वर्ग में प्रथम स्थान साहिबगंज,द्वितीय स्थान राजमहल घोषित हुए। विज्ञान विषय शिशु वर्ग में प्रथम स्थान बोरियो ,द्वितीय स्थान राजमहल।बाल वर्ग में प्रथम स्थान साहिबगंज,द्वितीय स्थान राजमहल,तृतीय स्थान बोरियो। किशोर वर्ग में प्रथम स्थान साहिबगंज,द्वितीय स्थान राजमहल घोषित हुए। वैदिक गणित विषय शिशु वर्ग में प्रथम स्थान साहिबगंज,द्वितीय स्थान बोरियो, तृतीय स्थान राजमहल। बाल वर्ग में प्रथम स्थान साहिबगंज, द्वितीय स्थान बोरियो,तृतीय साथ राजमहल।किशोर वर्ग में प्रथम स्थान साहिबगंज द्वितीय स्थान राजमहल घोषित हुए। संगणक विषय शिशु वर्ग में प्रथम स्थान राजमहल,बाल वर्ग में प्रथम स्थान साहिबगंज, द्वितीय स्थान राजमहल,तृतीय स्थान बोरियो घोषित हुए। अंग्रेजी विषय शिशु वर्ग में प्रथम स्थान बोरियो,द्वितीय स्थान लालमाटी,तृतीय स्थान साहिबगंज बाल वर्ग में प्रथम स्थान बोरियो, द्वितीय स्थान साहिबगंज,तृतीय स्थान राजमहल।किशोर वर्ग में प्रथम स्थान साहिबगंज घोषित हुए। संस्कृत विषय शिशु वर्ग में प्रथम स्थान साहिबगंज द्वितीय स्थान बोरियो। बाल वर्ग में प्रथम स्थान बोरियो,द्वितीय स्थान राजमहल,तृतीय स्थान साहिबगंज।किशोर वर्ग में प्रथम स्थान साहिबगंज घोषित हुए। सर्वश्रेष्ठ विजेता का पुरस्कार साहिबगंज विद्यालय को प्राप्त हुआ।विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदेव राम को विद्यालय की सचिव डॉ मृदुला सिन्हा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए अजय कुमार ने बताया के भैया बहन तन मन से अध्ययन करें एवं अपने माता-पिता गुरुजनों, समाज एवं अपने देश के नाम को रोशन करें। उन्होंने बताया कि भैया बहन लव,कुश ध्रुव,प्रह्लाद,सीता माता,सावित्री, दुर्गा माता के जीवन चरित्र को अपने जीवन में समाहित करें। समारोह का संचालन आचार्य अमित कुमार एवं समापन स्नेहा भारद्वाज ने किया।समारोह का समापन वंदे मातरम के गायन के साथ हुआ।

# पेरिस ओलंपिक : शूटिंग में भारत को आज एक और मेडल की आस

**एजेंसियां/पेरिस:** भारत के स्वप्निल कुसाले पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की राइफल 50 मीटर 3-पोजिशन के फाइनल में पहुंच गए। उन्होंने बुधवार को क्वॉलिफिकेशन राउंड में सातवां स्थान हासिल किया। उन्होंने 60 शॉट्स में 38 इनर 10 के साथ 590 अंक बनाए। इस प्रदर्शन ने गुरुवार को होने वाले फाइनल के लिए शीर्ष आठ निशानेबाजों में उनकी जगह सुनिश्चित की। कुसाले ने शानदार शुरूआत की।

उन्होंने पहली दो सीरीज में 99 का स्कोर बनाया। उन्होंने प्रोन पोजिशन में 98 और 99 का स्कोर बनाकर अपनी फॉर्म बरकरार रखी। अंतिम स्टैंडिंग पोजिशन सीरीज में उन्होंने 98 और 97 का स्कोर बनाकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। कुसाले का सभी पदों पर लगातार प्रदर्शन उनकी सफलता की कुंजी है। फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक होगा, क्योंकि कुसाले का लक्ष्य भारत के लिए पदक जीतना है। अब तक उनका सफर दबाव में सटीकता और धैर्य से भरा रहा है।

ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर चूके: भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने पुरुषों की राइफल 50 मीटर के क्वालिफिकेशन राउंड में 589 अंक हासिल किए। वह कुल मिलाकर 11वें स्थान पर रहे। ऐश्वर्य शीर्ष आठ में जगह बनाने के करीब थे, लेकिन पहली स्टैंडिंग पोजिशन सीरीज में 95 का स्कोर उनकी प्रगति में बाधा बन गया।



श्रीजा अकुला टेटे प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी भारतीयः पहली बार ओलंपिक में शिरकत कर रहीं भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी ने श्रीजा अकुला का पेरिस ओलंपिक में धमाकेदार प्रदर्शन जारी है। अकुला महिलाओं की एकल स्पर्धा के राउंड ऑफ 16 में पहुंच गई हैं। प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली अकुला भारत की दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले मनिका बत्रा ने महिलाओं की सिंगल्स स्पर्धा के अंतिम 16 में प्रवेश कर चुकी हैं। श्रीजा अकुला ने राउंड ऑफ-32 मैच में सिंगापुर की जियान झेंग को 4-2 से पराजित किया। भारतीय खिलाड़ी ने सिंगापुर की खिलाड़ी को 9-11, 12-10, 11-4, 11-5, 10-12, 12-10 से पराजित किया। यह मैच छह गेम तक चला।

लवलीना बोहगोहेन तमगे से एक कदम दूरःभारतीय महिला स्टार बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने धांसू प्रदर्शन करते हुए 75 किग्रा के राउंड ऑफ 16 मुकाबले में जीत दर्ज की। इस मुकाबले में लवलीना ने नॉर्वे की सुन्निवा हॉफस्टेड को 5-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही लवलीना क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं।

**घुड़सवार अनुष अग्रवाल के हाथ निराशा:** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ओलंपिक में घुड़सवारी के व्यक्तिगत ड्रेसेज में बुधवार को फाइनल में जगह बनाने में विफल रहे। अनुष अपने घोड़े सर कारमेलो के साथ अपने ग्रुप में कुल 66.444 अंक के साथ नौवें स्थान पर रहे। इस स्पर्धा में कुल 60 घुड़सवार भाग ले रहे थे, जिन्हें 10-10 के छह ग्रुप में बांटा गया था। फाइनल के लिए 18 घुड़सवारों ने क्वॉलिफाई किया, जिसमें डेनमार्क की लॉड्डुप-डुफोर कैथरीन अपने घोड़े फ्रीस्टाइल के साथ 80.792 अंक के साथ शीर्ष पर रही।

बलराज पंवार रोइंग में फाइनल डी मेंः भारतीय रोवर बलराज पंवार ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुष एकल स्कल्स सेमीफाइनल सी/डी में 7:04.97 का समय लेकर छठा स्थान हासिल करते हुए फाइनल डी में पहुंच गए। मुकाबले में भारत के एकमात्र रोवर पंवार शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर फाइनल डी में प्रवेश किया। अब 25 वर्षीय सेना के जवान पंवार शनिवार को दोपहर दो बजे पदक के लिए स्पर्धा करेंगे।

**जोकोविच अगले दौर में:** सर्बिया के शीर्ष वरीय नोवाक जोकोविच ने बुधवार को ओलंपिक खेलों की टेनिस स्पर्धा के पुरुष एकल में जर्मनी के डोमिनिक कोपफर पर 7-5, 6-3 की जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने इस तरह चौथी बार ओलंपिक एकल क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई और अब उनकी निगाहें पहला स्वर्ण पदक जीतने पर लगी होंगी, क्योंकि यही पदक उनकी कैबिनेट में मौजूद नहीं है।

## दीपिका कुमारी की प्री क्वार्टर फाइनल में धमाकेदार एंट्री



**पेरिसः** भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी महिला व्यक्तिगत तीरंदाजी के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। दीपिका ने पेरिस ओलंपिक के मुकाबले में नीदरलैंड्स की क्विंटी रोएफेन को 6-2 से हराया। दीपिका का अंतिम-16 का मुकाबला तीन अगस्त को जर्मनी की मिशेले क्रोपेन से होगा। दीपिका ने क्विंटी के खिलाफ 2-0 की शुरूआती बढ़त बना ली थी। दीपिका ने पहले सेट में 29 का स्कोर किया, जबकि नीदरलैंड की उनकी प्रतिद्वंद्वी 28 का स्कोर ही कर सकीं। पहले सेट में बढ़त लेने के बाद दीपिका क्विंटी से दूसरा सेट 27-29 के स्कोर से गंवा बैठीं। हालांकि, तीसरे सेट में दीपिका ने वापसी करते हुए 4-2 की बढ़त बनाई। दीपिका ने 25 का स्कोर किया, जबकि क्विंटी 17 का स्कोर ही कर सकीं। नीदरलैंड्स की खिलाड़ी ने पहला शॉट बाहर खेला, जिस कारण उन्हें अंक नहीं मिला। इसके बाद दीपिका ने प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया और आसान जीत दर्ज की।




## रोहित का ट्वीट; परफेक्ट शुरूआत, वेलडन टीम इंडिया

**एजेंसियां/कोलंबो:** भारत बनाम श्रीलंका तीन मैचों की टी-20 इंटरनेशनल सीरीज खत्म हो गई है। अब तीन मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज खेली जानी है। सूर्यकुमार की फुल टाइम कप्तान के तौर पर पहली टी20 इंटरनेशनल सीरीज थी, वहीं टीम इंडिया के नए हेड कोच गौतम गंभीर का भी यह पहला असाइनमेंट था। टीम इंडिया के पूर्व टी-20 कप्तान रोहित शर्मा को सीरीज में टीम इंडिया का प्रदर्शन कैसा लगा, इसको लेकर उन्होंने एक ट्वीट किया है। कप्तान रोहित को सूर्या की कप्तानी काफी पसंद आई है। रोहित शर्मा ने टी-20 इंटरनेशनल सीरीज में टीम इंडिया के क्लीनस्वीप के बाद लिखा, परफेक्ट शुरूआत, वेलडन टीम इंडिया। अब दो अगस्त से तीन मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज खेली जानी है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के अलावा कुलदीप यादव, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर कोलंबो पहुंचकर वनडे सीरीज की तैयारी में जुट चुके हैं।

## जान्हवी कपूर ने बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के बारे में किया खुलासा




**एक्ट्रेस** जान्हवी कपूर पिछले कुछ दिनों से लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। वह जल्द ही अपनी फिल्म 'उलझ' में नजर आएंगी। हालांकि, अब वह अपनी निजी जिंदगी पर दिए गए बयान के कारण सुर्खियों में हैं। बताया गया कि कुछ दिन पहले वह बीमार पड़ गईं। उन्होंने अपनी बीमारी के बारे में बयान देते हुए कहा था कि उन्हें पहली बार अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी बयान दिया है कि उनकी बीमारी के दौरान उनका ख्याल किसने रखा था।

जान्हवी कपूर ने इंटरव्यू दिया। उस वक्त उन्होंने अपनी बीमारी के बारे में बात करते हुए कहा था कि फूड पॉइजनिंग के कारण मुझे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालाँकि, उस वक्त मुझे गंभीर शरीर दर्द और कमजोरी का सामना करना पड़ा।' मुझे अपने दैनिक कार्य करने में भी कठिनाई हो रही थी। ऐसा करने के लिए मुझे किसी की मदद लेनी पड़ी। इसने मुझे अक्षम महसूस कराया। मैं उस वक्त न चल पाती थी, न ठीक से खा-पी पाती थी।

जान्हवी कपूर ने क्या कहाः जान्हवी कपूर कहती हैं, मुझे लगा कि उस बीमारी के दौरान घर के करीब कोई होना चाहिए लेकिन पिता इंडिया में नहीं थे। वह काम के सिलसिले में विदेश में थे। उस वक्त शिखर की मां ने मेरी मां की तरह मेरा ख्याल रखा। जान्हवी के अस्पताल में भर्ती होने के बाद शिखर की मां स्मृति शिंदे पूरी रात जान्हवी के साथ थीं। जान्हवी और शिखर रिलेशनशिप में हैं।

उन्होंने कहा कि एक्ट्रेस के लिए अपनी सेहत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। वह कहती हैं, "मेरे मन में अपने स्वास्थ्य, फिट रहने के प्रति एक नया सम्मान है।" आपको अपने शरीर को सुनने की जरूरत है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका काम और अन्य चीजें कितनी महत्वपूर्ण हैं, अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना सबसे महत्वपूर्ण बात है।

इसी बीच 24 फरवरी, 2018 को जान्हवी कपूर की मां श्रीदेवी का निधन हो गया। दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी ने कई फिल्मों में विभिन्न भूमिकाएं निभाकर फिल्म उद्योग में बहुत योगदान दिया है।




## जो रूट नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज, केन विलियम्सन की बादशाहत खत्म

**एजेंसियां/ दुबई:** आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में एक बार फिर से इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट का जलवा देखने को मिला है। वह फिर से नंबर वन टेस्ट बैटर बन गए हैं। उन्होंने केन विलियम्सन की बादशाहत को खत्म कर दिया है। न्यूजीलैंड के महान बल्लेबाज केन विलियम्सन काफी समय से टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन बल्लेबाज बने हुए थे। वहीं, टी-20आई रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल को फायदा हुआ है। सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ट्रेविस हैड से नंबर वन की कुर्सी टी20 आई क्रिकेट में नहीं छीन पाए। टेस्ट रैंकिंग में तीसरे नंबर पर बाबर आजम हैं और चौथे नंबर पर डेरिल मिचेल। स्टीव स्मिथ पांचवें नंबर पर हैं। वहीं, रोहित शर्मा को एक पायदान का फायदा हुआ है। वह छठे पायदान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक चार पायदान नीचे फिसले हैं। वहचौथे से सातवें पायदान पर खिसक गए हैं। यशस्वी 8वें नंबर पर हैं। ट्वेंटी-20 में यशस्वी को दो पायदान का फायदाः टी-20 रैंकिंग की बात करें तो ट्रेविस हेड 844 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। दूसरे नंबर पर सूर्यकुमार यादव हैं। उनके खाते में 805 अंक हैं। फिल साल्ट तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। वहीं, यशस्वी जायसवाल छठे से चौथे पायदान पर पहुंचने में सफल रहे हैं। बाबर आजम एक पायदान नीचे खिसके हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार होगा अगस्त महीना आधा दर्जन से अधिक फिल्में होंगी रिलीज



**हर** हफ्ते सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज होती हैं। 27 जून को रिलीज हुई ' कल्कि 2898 अऊ' का जादू जुलाई में भी देखने को मिला है। इस महीने बॉक्स ऑफिस पर 'बैड न्यूज' और हॉलीवुड की 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' को सफलता मिली है। मनोरंजन का यह सिलसिला इस महीने भी जारी रहेगा। अगस्त के पहले 15 दिनों में एक से बढ़कर एक फिल्में रिलीज हो रही हैं। इसमें अजय देवगन की फिल्म 'औरों में कहां दम था' से लेकर श्रद्धा कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'स्त्री 2' तक शामिल है।

**उलझः** 'उलझ' जान्हवी कपूर की फिल्म है। इस फिल्म में वह एक वकील की भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 2 अगस्त को रिलीज होने वाली है और इसमें जान्हवी कपूर और गुलशन देवैया मुख्य भूमिका में हैं।

**औरों में कहां दम था:** अजय देवगन और तब्बू ने एक साथ कई फिल्में की हैं और अब वे एक बार फिर अपनी 10वीं फिल्म 'औरों में कहां दम था' में साथ नजर आएंगे। यह फिल्म दो लोगों की प्रेम कहानी है, जो कई साल पहले किसी वजह से अलग हो गए थे। यह फिल्म 2 अगस्त को रिलीज होने वाली है। इसमें अजय देवगन, तब्बू, शांतनु माहेश्वरी, जिमी शेरगिल नजर आएंगे।

**वेदाः** 2023 में जॉन अब्राहम की एक भी फिल्म रिलीज नहीं हुई। 15 अगस्त को वह फिल्म 'वेदा' में नजर आएंगे। यह एक एक्शन से भरपूर फिल्म होगी, जिसमें वह एक सैनिक की भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होगी और इसमें जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ नजर आएंगे।

**स्त्री-2:** 'स्त्री 2' इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्म है। इस बार श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की इस फिल्म में मनकाप्य का खौफ देखने को मिलेगा। यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होने वाली है। मुख्य भूमिका में श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, वरुण धवन, पंकज त्रिपाठी नजर आएंगे।

**खेल खेल में:** इसी साल अक्षय कुमार की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' रिलीज हुई थी। अब वह साल की अपनी दूसरी फिल्म 'खेल खेल में' लेकर आ रहे हैं। यह एक कॉमेडी जॉनर की फिल्म होगी। 15 अगस्त को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, फरदीन खान मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

**डबल आईस्मार्ट:** सोशल मीडिया पर डबल आईस्मार्ट की जमकर चर्चा हो रही है। 'केजीएफ' के बाद संजय दत्त विलेन के किरदार में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होने वाली है। संजय दत्त और राम पोथिनेनी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।


**तांगलान:** चियान विक्रम को साउथ का सबसे बड़ा अभिनेता माना जाता है। उनकी मशहूर फिल्मों में 'अननोन' और 'पोनियिन सेलवन' शामिल हैं। अब उनकी फिल्म 'तांगलान' 15 अगस्त को रिलीज हो रही है, जिसमें चियान विक्रम, पार्वती थिरोवथु, मालविका मोहनन मुख्य भूमिका में हैं।



## आलिया भट्ट और सास नीतू कपूर के बीच है अच्छी बाइंडिंग

**रणबीर** कपूर पिछले कुछ दिनों से अपने दिए एक इंटरव्यू के कारण चर्चा में हैं। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपनी निजी जिंदगी और अपने पिता के साथ-साथ अपनी मां और आलिया भट्ट के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। रणबीर ने पहले भी कहा था कि वह अपने पिता के सामने आंख उठाकर नहीं बोल पाते हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि लोग अब उन्हें धोखेबाज कह रहे हैं। अब उन्होंने अपनी मां और आलिया के रिश्ते पर खुलकर बात की है। रणबीर कपूर ने आलिया भट्ट और सास-ससुर के बीच रिश्ते पर बताया कि आलिया अपने परिवार से कितना प्यार करती है और अपने ससुराल वालों के साथ उसके अच्छे संबंध हैं। एक्टर ने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा, 'मेरी मां और आलिया दोनों एक दूसरे को बहुत अच्छे से समझते हैं। दोनों के बीच सच्चा रिश्ता है। वह मेरी मां के साथ जिस तरह से रहती है, उसे देखकर मुझे बहुत खुशी होती है। मैं अपनी मां, अपनी बहनों, आलिया और अब बेटी के साथ रहा हूं। वह पूरी दुनिया की सबसे अच्छी महिला हैं।'

**ऐसा ही एक रिश्ता है सास-बहू का :** उन्होंने कहा कि आलिया भट्ट को जहां कहीं भी सास नीतू कपूर के साथ देखा गया, तो दोनों के बीच एक अलग बॉन्डिंग देखने को मिली। दोनों सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे पर प्यार बरसाते हैं। अक्सर दोनों एक दूसरे को सपोर्ट करते नजर आते हैं।



## तृप्ति डिमरी के नाम एक और उपलब्धि, आईएमडीबी की लिस्ट में पाया पहला स्थान

**भनेत्री** तृप्ति डिमरी ने आईएमडीबी की लिस्ट में टॉप स्थान प्राप्त कर लिया है। तृप्ति डिमरी ने एक और उपलब्धि हासिल कर अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है। तृप्ति ने जुलाई के लिए आईएमडीबी की सबसे लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट में टॉप स्थान प्राप्त किया है। इस सप्ताह लिस्ट में टॉप पर रहीं तृप्ति डिमरी को उनके उल्लेखनीय अभिनय के लिए तारीफ और व्यावसायिक स्तर पर अपार प्रशंसा मिल रही है। तृप्ति को हाल ही में आनंद तिवारी की फिल्म बैड न्यूज में विक्की कौशल और एमी विर्क के साथ देखा गया था। फिल्म में तृप्ति ने सलोनी बग्गा का किरदार निभाया था, जो एक महत्वाकांक्षी शेफ है जो प्यार और साथ की एक मजेदार स्थिति में फंस जाती है। यह तृप्ति की कॉमेडी शैली में पहली फिल्म भी थी, और वह निश्चित रूप से इसमें सफल रही हैं। तृप्ति डिमरी की फिल्म राजकुमार राव के साथ विक्की विद्या का वो वाला वीडियो, कार्तिक आर्यन के साथ भूल भुलैया 3 और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ धड़क 2 में दिखाई देंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 220 रुपए चुराने के आरोप में युवक की सामूहिक पिटाई, बचाने गए पिता की हत्या

**पश्चिम बर्दवान :** पश्चिम बर्दवान जिले में कुल्टी थाने के नियामतपुर पुलिस चौकी अंतर्गत लछीपुर इलाके में बुधवार शाम महज 220 रुपए चुराने के आरोप में एक युवक की इलाके के कुछ अन्य युवकों ने सामूहिक पिटाई कर डाली। आरोप है कि जब युवक के पिता अपने बेटे को बचाने पहुंचे तो उनपर भी लोगों ने शाबल से हमला कर दिया। चोट के कारण युवक के पिता की मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार मृतक की पहचान कृष्णा गोस्वामी (48) के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने इलाके के पांच युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आसनसोल में कुल्टी थानांतर्गत लछीपुर इलाके में कृष्णा गोस्वामी अपने परिवार के साथ रहते थे। आरोप है कि बुधवार की सुबह से इलाके में घूम रहे बदमाशों ने कृष्णा गोस्वामी के छोटे बेटे पर ?220 चुराने का आरोप लगाया और उसे ढूंढने लगे। आरोप है कि इलाके के रहने वाले रैना, बुलू, सुभाष, बृंदा और उत्तम नाम के पांच युवक कृष्णा गोस्वामी के बेटे की तलाश कर रहे थे। शाम युवक उसे ढूंढते हुए उसके घर आये। जैसे ही युवक उनकी पकड़ में आया, उन्होंने उसकी पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर कृष्णा गोस्वामी की पत्नी और परिवार के अन्य सदस्य पहुंचे। कुछ पड़ोसी भी आ गए। आरोपित युवक को पीटते पीटते खींच कर अपने साथ ले जाने लगे। उनके हाथों में लोहे की रॉडें थीं। कृष्णा गोस्वामी अपने बेटे को बचाने के लिए बीच में कूद पड़े। उन्होंने अपने बेटे को पीट रहे युवक को रोकने की कोशिश की। तभी उन युवकों ने कृष्णा गोस्वामी पर शाबल से प्रहार कर दिया। शाबल लगने से कृष्णा सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। यह देख आरोपित वहां से भाग गए। लहूलुहान अवस्था में जब कृष्णा गोस्वामी को आसनसोल जिला अस्पताल लाया गया तो डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पीड़ित परिवार ने आरोपितों के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। खबर लिखे जाने तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं थी।

### ट्रकों की टक्कर से एनएच 31 पर थमे वाहनों के पहिये



**बलिया :** नरही थाना क्षेत्र के सुरही गांव के सामने एनएच 31 पर बुधवार देर रात एक ट्रक की सामने से आ रहे दूसरे ट्रक से टक्कर हो गई। वाहनों की भिड़ंत के चलते पूरा हाइवे बाधित हो गया। गुरुवार सुबह दस बजे तक बड़े वाहनों की आवाजाही पर ब्रेक लगा रहा। काफी देर बाद स्थानीय पुलिस के आने पर आवाजाही चालू कराई जा सकी। स्थानीय लोगों की माने तो ट्रकों की टक्कर इतनी तेज हुई थी कि दोनों आपस में फंस गए थे। ट्रकों के फंसने से सड़क पूरी तरह से बाधित हो गई। छोटे वाहन तो किसी तरह निकलते रहे लेकिन बड़े वाहन नहीं निकल पा रहे थे। गुरूवार की सुबह तक दोनों तरफ तेतारपुर से भरौली तक करीब सात किलोमीटर लम्बा जाम लग गया। हालांकि वाहनों के टकराने के बाद ग्रामीणों ने ट्रकों को हटाने की कवायद शुरू की। इस दौरान काफी देर तक पुलिस का कहीं भी अता पता नहीं रहा। लोग जाम के चलते परेशान रहें।

### मेरठ में कांवड़ तीर्थयात्रियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा



**मेरठ :** मेरठ में गुरुवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा और एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने हेलीकॉप्टर से कांवड़ तीर्थयात्रियों पर फूल बरसाए। अपना स्वागत पुष्पवर्षा से होता देखकर कांवड़िये भी प्रफुल्लित हो गए। जिलाधिकारी दीपक मीणा और एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने गुरुवार को मेरठ में कांवड़ मार्ग पर कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। दोनों अधिकारियों ने शिवभक्तों पर मेरठ कैंट स्थित औघड़नाथ मंदिर, नेशनल हाइवे-58, पल्लवपुरम और सिवाया टोल प्लाजा पर पुष्प वर्षा की। खुद पर पुष्प वर्षा होते देखकर कांवड़िये गदगद हो उठे। इससे पहले कांवड़ियों पर मेरठ में बुलडोजर से पुष्पवर्षा की गई थी। पहले बुधवार को हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा होनी थी। हेलीकॉप्टर देरी से आने के कारण पुष्पवर्षा नहीं हो पाई थी।

## बारिश के साथ आसमानी आफत कहर, बिहार में

# वज्रपात से 13 की मौत

एजेंसी



**पटना :** बिहार में बरसात के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई। औरंगाबाद में चार ,जहानाबाद में तीन, सारण में तीन, नालंदा में दो और जमुई में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

मृतकों में औरंगाबाद जिले की तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। साथ ही जिले के कुछ लोग गंभीर रूप से भी घायल हुए हैं। उनका इलाज चल रहा है। मृतकों की पहचान बारूण थाना क्षेत्र के छक्कन बिगहा गांव निवासी राम अवतार सिंह की पत्नी सोनहल देवी (60), रेड़िया गांव निवासी विनय पाल की पत्नी जैतरी देवी, मदनपुर थाना क्षेत्र के पिरवां गांव निवासी राजगीर महतों के पुत्र महेश प्रसाद (40) तथा टंडवा थाना क्षेत्र के खजूरी महेश गांव निवासी रामदहीन पासवान की पत्नी इंद्रावती देवी (55) के रूप में हुई है।

जहानाबाद के टेहटा थाना क्षेत्र के सरेन गांव में बारिश के साथ आसमानी आफत कहर बनकर टूटी। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन किशोरों की मौत हो गई। मृतकों में 12 वर्षीय गोपाल मांझी, 14 साल का पवन कुमार, 15 साल का चंदन दास शामिल है। बताया गया है कि तीनों बुधवार शाम पांच बजे गांव से दूर खेत में गए थे, अचानक तेज बारिश होने लगी जिससे बचने के लिए सभी बच्चे पेड़ के नीचे चले गए। तभी अचानक बिजली गिर गई, जिसमें तीनों झुलस गए। यह देखकर घर-परिवार में कोहराम मच गया। आसपास के लोग दौड़ पड़े। आनन-फानन में ग्रामीणों ने तीनों को रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

सारण जिले के मांझी प्रखंड क्षेत्र के नरवन गांव में बुधवार शाम आकाशीय बिजली के गिरने से एक पशुपालक की मौत हो गई। बताया गया है कि नरवन गांव के निवासी व पशुपालक ललन यादव (48 वर्ष) अपने गांव के चंवर में मवेशी चरा रहे थे। इस दौरान बारिश शुरू हुई और आकाशीय बिजली गिरने से ललन यादव उसकी चपेट में आ गए। नगरा प्रखंड क्षेत्र के रामपुर कला गांव के पास वज्रपात की चपेट में आकर 16 वर्षीय मिथलेश राय की भी मौत हो गई। इसी जिले के गड़खा थाना क्षेत्र के कसीना गांव में 14 वर्षीय अंकित कुमार की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना में तीन अन्य झुलस गए।

## ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक कांवड़िये की मौत, तीन घायल

**बदायूं :** जिले के मुजरिया थाना क्षेत्र के ज्योरा सेंटर के पास बुधवार देर रात कांवड़ियों से भरा ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक कांवड़िये की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन कांवड़ियें गंभीर रूप से घायल हो गए। घायला कांवड़ियों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।पुलिस ने हादसे में जान गंवाने वाले कांवड़िये के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल सावन के पर्व को लेकर बिसौली कोतवाली के बिसौली कस्बा स्थित परवेज नगर मोहल्ले से एक ट्रैक्टर ट्राली में डीजे लगाकर कुछ कांवड़ियें कछला गंगा घाट पर जल लेने आए थे। इनमें परवेज नगर के अमित पुत्र रामप्रसाद, पप्पू पुत्र रामप्रसाद, अंशुल पुत्र महेश विशाल पुत्र मुन्नालाल निवासी अहमदपुर चंदौसी शामिल थे। सभी लोग कछला गंगा घाट से स्नान करने के बाद जल लेकर ट्रैक्टर ट्राली से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बिल्सी कछला रोड स्थित ज्योरा सेंटर पर डीजे लगी कांवड़ियों से भरी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर सवार अमित पुत्र रामप्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पप्पू पुत्र रामप्रसाद, अंशुल पुत्र महेश, विशाल पुत्र मुन्नालाल गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां तीनों कांवड़ियों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उधर ट्रैक्टर ट्राली पलटने से हुई कांवड़िये अमित की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पुंछ में हिजबुल का सक्रिय सहयोगी गिरफ्तार

**पुंछ :** सेना की रोमियो फोर्स से जुड़ी राष्ट्रीय राइफल इकाई ने पुंछ पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के साथ एक संयुक्त अभियान में जम्मू-कश्मीर के पुंछ के मगनार इलाके से प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के सक्रिय सहयोगी को गिरफ्तार किया है। सेना के एक बयान के अनुसार मोहम्मद खलील के रूप में पहचाने गए इस व्यक्ति को 30 जुलाई को रोमियो फोर्स की राष्ट्रीय राइफल ने हिरासत में लिया था। अधिकारियों ने कहा कि आतंकी संगठन के इस सहयोगी के पास से एक विदेशी पिस्तौल बरामद की गई। पाकिस्तान में सक्रिय एक व्हाट्स ऐप नंबर का भी पता लगाया गया है, जिसके जरिए एक हैंडलर मोहम्मद खलील को काम सौंप रहा था।

# मोरारी बापू ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में शुरू की राम कथा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** जाने-माने आध्यात्मिक गुरु मोरारी बापू ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में नौ दिवसीय राम कथा प्रवचन शुरू किया है। ऐसा महत्वपूर्ण आयोजन पहली बार हो रहा है, जब किसी आध्यात्मिक गुरु ने संयुक्त राष्ट्र में इस तरह का भव्य धार्मिक आयोजन किया है, जो इसके वैश्विक महत्व को उजागर करता है।

पहले दिन मोरारी बापू ने गोस्वामी तुलसीदास के रामचरित मानस की दो केंद्रीय पंक्तियों को उद्धृत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसके बाद पूरे प्रवचन का स्वर निर्धारित हो गया। पंक्तियों का भावार्थ है: यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड मेरी रचना है और मैं सभी के प्रति

**मोरारी बापू ने संयुक्त राष्ट्र के चार मुख्य लक्ष्यों पर चर्चा की**

वैश्विक शांति बनाए रखना, राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करना, भूख, बीमारी और निरक्षरता पर विजय प्राप्त करके गरीब लोगों के जीवन में सुधार लाना तथा एक-दूसरे के अधिकारों और स्वतंत्रता के प्रति सम्मान को प्रोत्साहित करना शामिल है। उन्होंने पांच अतिरिक्त लक्ष्य, वैश्विक संवाद, स्वीकार्यता, सत्य, प्रेम और करुणा प्रस्तावित किए।उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

समान रूप से दयालु हूँ। मैं सभी से प्रेम करता हूँ क्योंकि वे मेरी रचना हैं और मनुष्य मुझे सबसे अधिक प्रिय हैं।

पूज्य बापू ने कहा कि, रामचरित मानस का करिश्मा ही हम सभी को यहां लेकर आया है। कई साल पहले मैंने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय भवन की परिक्रमा की थी। उस समय मैंने संयुक्त राष्ट्र के अंदर कथा करने के बारे में नहीं सोचा था, लेकिन कथा ने मन ही मन, इसकी इच्छा की होगी और इस तरह से आज हम यहां हैं।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि, यह राम कथा सभी भारतीयों की सद्भावना लेकर आती है तथा यह शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक प्रवचन है। उन्होंने हिंदू धर्म के सनातन धर्म होने के संदर्भ में कहा कि, जो ऐतिहासिक है वह पुराना और क्षीण हो सकता है, लेकिन जो आध्यात्मिक है वह शाश्वत ही रहता है।

## मानस वसुधैव कुटुंबकम

**मोरारी बापू** ने कथा का नाम मानस वसुधैव कुटुंबकम रखा है। वसुधैव कुटुंबकम एक संस्कृत वाक्यांश है, जो महा उपनिषद जैसे हिंदू पवित्र ग्रंथों में पाया जाता है, जिसका अर्थ विश्व एक परिवार है होता है। यह शब्द वर्ष 2023 में दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत सरकार का विषय(थीम) भी था।

मोरारी बापू के मानवीय प्रयास विश्व भर में आपदा प्रभावित क्षेत्रों तक फैले हुए हैं, जिनमें युद्धग्रस्त क्षेत्र भी शामिल हैं। बापू ने युद्ध समाप्त करने और शांति स्थापित करने के लिए यूक्रेन और रूस की सीमा पर राम कथा आयोजित करने की भी पेशकश की है। उन्होंने इजरायल में भी यही प्रस्ताव रखा था।

करुणा के प्रति बापू की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता यौनकर्मियों, ट्रांसजेंडर और समाज द्वारा अक्सर नजरअंदाज किए जाने वाले अन्य लोगों तक उनकी पहुंच स्पष्ट होती है। उनके उपदेश संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों विशेष रूप से शांति, पर्यावरणीय स्थिरता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के अनुरूप है। वह पेड़ लगाने की पुरजोर हिमायत करते रहे हैं और श्रद्धालुओं से अपने घर के पिछवाड़े में कम से कम 5 पेड़ लगाने का आग्रह करते रहे हैं।

## शेयर बाजार ने बनाया नया रिकॉर्ड

# सेंसेक्स 271 अंक उछला

**नई दिल्ली :** शेयर बाजार ने गुरुवार को ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया । हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स ने 82,019 और निफ्टी ने 25,050 के स्तर छुआ। अभी बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 270.95 अंक यानी 0.33 फीसदी उछलकर 82,012.29 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्?टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का भी निफ्टी 91.25 अंक यानी 0.37 फीसदी की तेजी के साथ 25,042.40 पर कारोबार कर रहा है। शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 शेयरों में तेजी और 6 शेयरों में गिरावट दिख रही है। फिलहाल ऑटो, मेटल और एनर्जी शेयरों में ज्यादा तेजी है। वहीं, भारतीय मुद्रा रुपया भी शुरूआती कारोबार में एक पैसे की



बढ़त के साथ 83.67 प्रति डॉलर पर खुला। हालांकि, एशियाई बाजार में आज गिरावट देखने को मिल रही है। जापान के निक्केई में 2.58 फीसदी और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग में 0.36 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 फीसदी की गिरावट है।

उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पहले बुधवार को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 285 अंक की बढ़त के साथ 81,741 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 93 अंक की तेजी के साथ 24,951 के स्तर पर बंद हुआ था।

### राजौरी जिले में मिला आतंकी ठिकाना, हथियार बरामद

**राजौरी:** सुरक्षा बलों ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के कालाकोट के एक सुदूर गांव में तलाशी अभियान के दौरान हथियार बरामद किए।तलाशी अभियान अभी जारी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना की राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अपने विशेष अभियान समूह (एसओजी) के साथ मिलकर धर्मसाल पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले गुलाबगढ़, बाजी माल गांवों के इलाकों में घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक संदिग्ध आतंकी ठिकाने से कुछ हथियार बरामद किए गए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

## फिजिक्स वाला ने जेईई/ नीट उम्मीदवारों के लिए की 250 करोड़ के स्कॉलरशिप की घोषणा

**रांची/मेट्रो रेज :** फिजिक्स वाला, भारत की अग्रणी शिक्षा कंपनी, एनएसएटी (राष्ट्रीय स्कॉलरशिप सामान्य प्रवेश परीक्षा) 2024 के तीसरे संस्करण के शुभारंभ के साथ शिक्षा की पहुंच को महत्वपूर्ण रूप से बदलने जा रही है। पीडब्लू एनएसएटी सबसे बड़ा स्कॉलरशिप परीक्षा है। इस पहल का उद्देश्य नीट-जेईई और आईआईटी- जेईई परीक्षाओं में स्कॉलरशिप हासिल करने की इच्छा रखने वाले छात्रों को श्रेष्ठ शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना है, भले ही उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। एनएसएटी 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन अब खुल गया है, जिसमें देशभर के छात्रों को इन प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने का मौका दिया गया है।परीक्षा 1 से 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन और 6 और 13 अक्टूबर को ऑफलाइन - 2024 में चयनित केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध हैं, जो सभी छात्रों के लिए सुलभ हैं।

### उत्तर बंगाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव के रूप में मनीष जैन की नियुक्ति



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल सरकार ने आईएएस अधिकारी मनीष जैन को उत्तर बंगाल विकास विभाग का प्रमुख सचिव नियुक्त किया है। इस संबंध में एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया। बुधवार देर रात जारी आदेश के अनुसार, आईएएस अधिकारी विजय भारती को गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन (जीटीए) का प्रमुख सचिव बनाया गया है। अपने पिछले कार्यकाल में, मनीष जैन स्कूल शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव और पश्चिम बंगाल जिला गजेटियर के राज्य संपादक थे। इन जिम्मेदारियों को अब आईएएस अधिकारी बिनोद कुमार को सौंपा गया है। बिनोद कुमार पहले शहरी विकास और नगर पालिका मामलों के विभाग के प्रमुख सचिव थे। आईएएस अधिकारी गुलाम अली, जो अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के सचिव थे, को उनकी जगह नियुक्त किया गया है। आदेश के अनुसार, गुलाम अली मालदा डिवीजन के डिविजनल कमिश्नर के अतिरिक्त प्रभार को जारी रखेंगे। पीबी सलीम, जो मुख्यमंत्री कार्यालय के निगरानी और समन्वय के सचिव और पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं, को अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# बंगाल में हो रही है भारी बारिश, शुक्रवार तक रहेगी जारी

एजेंसी

**कोलकाता :** महानगर कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल के अन्य इलाकों में पिछले दो दिनों से लगातार भारी बारिश हो रही है। इस बीच गुरुवार को मौसम विभाग ने अपने एक बयान में बताया है कि अगले 24 घंटों के दौरान कोलकाता में आमतौर पर बादल छाए रहने के साथ कुछ स्थानों पर बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 30 डिग्री सेल्सियस और 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस कम था। वहीं, न्यूनतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस अधिक था। नमी का स्तर अधिकतम 95 फीसदी और न्यूनतम 80 फीसदी रहा। पिछले 24 घंटे के दौरान 9.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। हुगली जिले में भी अगले 24 घंटों में आंशिक बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना है। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।



हावड़ा में मौसम का मिजाज बदलते हुए देखने को मिलेगा। अगले 24 घंटों में गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। दक्षिण 24 परगना जिले में भारी बारिश की संभावना है। अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। उत्तर 24 परगना में भी बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है। नदिया जिले में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश की संभावना है। अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

# जयपुर में झमाझम बारिश कई इलाकों में पानी भरा



**जयपुर :** राजस्थान में मानसून दोबारा सक्रिय हो गया है। जयपुर, सीकर सहित कई जिलों में बुधवार रात से तेज बारिश हो रही है। लगातार बरसात से कई इलाकों में पानी भर गया है। बारिश के कारण यातायात में परेशानी आ रही है, कई मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। जयपुर के पॉश इलाकों में भी एक-दो फीट तक पानी जमा हो गया है। शहर के विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया के एक घर के बेसमेंट में पानी भरने से परिवार फंस गया है। करीब तीन घंटे से सिविल डिफेंस की टीम परिवार की तलाश कर रही है। करतारपुरा नाले में भी उफान है। अजमेर रोड व सीकर रोड पर भी पानी भरने से खतरा बढ़ गया है। जयपुर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बाहर भी पानी भरने से पैसेंजर्स को परेशानी हो रही है। मौसम केंद्र जयपुर ने गुरुवार को नौ जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। राजधानी में लगातार बारिश का दौर चलने के कारण कई इलाकों में पानी भर गया है। जगतपुरा इलाके में पुलिया के नीचे पानी जमा होने से कई वाहन फंसे रह गए। गांधीनगर रेलवे स्टेशन से पहले कई ट्रेनों को रोक दिया गया। गोमती एक्सप्रेस ट्रेन को भी खातीपुरा स्टेशन पर खड़ा कर दिया। जिससे कई यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जयपुर में सुबह से हो रही भारी बारिश के चलते कई स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। झोटवाड़ा स्थित एक निजी स्कूल ने सुबह ही अभिभावकों को मैसेज भेजकर अवकाश की सूचना दी है। उल्लेखनीय है कि बीते कई दिनों से चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण भी शहर में कचरा नहीं उठ पा रहा है, ऐसे में बारिश में और ज्यादा हालात खराब हो गई है। जगह-जगह कूड़े का ढेर होने के कारण जलजमाव अधिक है।



## बच्चों के बीच साइकिल का वितरण

**सिमडेगाः** उपायुक्त अजय कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में जिले में उन्नति का पहिया योजना के अंतर्गत स्कूली बच्चों के बीच में जलडेगा प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख, विधायक प्रतिनिधि ,सभी पंचायत समिति सदस्य, सभी मुखिया की उपस्थिति में साइकिलों का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एसटी मोर्चा जिला मंत्री मुनेश्वर तिर्की ने किया कोलेबिरा विधान सभा क्षेत्र का भ्रमण



**कोलेबिराः** एसटी मोर्चा जिला मंत्री मुनेश्वर तिर्की ने कोलेबिरा विधान सभा अंतर्गत क्षेत्र भ्रमण के दौरान बोलबा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ । जिसमे आगामी होनेवाली विधान सभा चुनाव के बारे में विस्तृत चर्चा की गई जिसमे भारतीय जनता पार्टी , एसटीमोर्चा मंडल अध्यक्ष वसुदेवै तिर्की, कोलेबीर महामंत्री महेश सिंह, कोलेबिरा मंडल उपाध्यक्ष रूपलाल महतो, जिला कार्यसमिति सदस्य भानु प्रताप सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार जायसवाल, एसटी मोर्चा मंडल मंत्री विनोद बड़ाईक,समाजसेवी हीरा प्रधान सरना समिति अध्यक्ष मोतीराम सेनापति कपिलानंद प्रधान, विजय बड़ाईक व अन्य भाजपा कार्य कर्ता उपस्थित थे।

## संत विनोबा भावे विवि में स्थाई वाइस चांसलर की नियुक्ति को लेकर शीघ्र राज्यपाल से मिलूंगाः बटेश्वर मेहता



**हजारीबागः** संत विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग मे वाइस चांसलर का पद खाली रहने के कारण छात्र एवं छात्राओं को पठन-पाठन पूरा करने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में संत विनोबा भावे विश्वविद्यालय में वाइस चांसलर के पद पर उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा को पदभार दिया गया है। उक्त विश्वविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं की भविष्य को देखते हुए बरकट्ठा विधानसभा भाजपा भावी प्रत्याशी बटेश्वर मेहता द्वारा नव नियुक्त झारखंड राज्यपाल संतोष गंगवार से यह मांग की है कि जल्द से जल्द संत विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्थाई रूप में वाइस चांसलर की नियुक्ति कराई जाए जिससे उक्त विद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं का कल्याण हो सके। इस संबंध में जल्द बटेश्वर मेहता राज्यपाल से मुलाकात कर उक्त समस्या से अवगत करांएगे।

## मुखिया संघ का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



**मांडरः** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व विधायक बंधू तिर्की से नाराज चल रहे मांडर मुखिया संघ ने वुधवार को प्रखंड मुख्यालय के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण भगत ने किया। इस दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व विधायक बंधू तिर्की के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। वक्ताओं द्वारा कहा गया कि बिना कारण सरवा के मुखिया प्रभा तिर्की को एक साजिश के तहत शिल्पी व बंधू तिर्की ने निलम्बित करा पावर सीज करवाया है। जबकि एक चुने हुए मुखिया को इस तरह प्रताड़ित करना कहां तक उचित है। सरवा मुखिया को बिना स्पष्टीकरण दिए निलंबित किया गया। जबकि मामला कोर्ट में लंबित है। पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर विधायक शिल्पी व बधू ने निलंबित करवाया है। यदि सरवा मुखिया दोषी है तो जांच कमेटी का गठन कर इसकी जांच करानी चाहिए। लेकिन बिना कोई सूचना दिए उसके निलंबन की साजिश रची गई है। यदि प्रभा तिर्की का निलंबन वापस नही लिया जाता तो मुखिया संघ और जोरदार आंदोलन करेगे। इस अवसर पर मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोमा उरांव, प्रदेश उप सचिव गुरुचरण मुंडा, प्रदेश सचिव साधू उरांव, पूर्व डीडीसी व समाज सेवी डॉ० परमेश्वर भगत, समीम अख्तर अजाद, मांडर मुखिया प्रकाश खलखो, अनिता उरांव, बीजी उरांव, संतोष किस्पोट्टा, स्नेहा एक्का, सोहंती एक्का, अमित उरांव, शांति उरांव, बहादुर उरांव, बंधना उरांव, सुकरा उरांव, फुलमनी उरांव, मंगरा उरांव, संतोष कुजूर व अन्य मौजूद थे।

## मृतकों के परिजनों से मिले भाजपा नेता



**मांडरः** आकाशीय बिजली के चपेट में आने से किसनो की मौत की सूचना मिलने के बाद मृतको के परिजनों से मिलने पहुचे बीजेपी नेता सुन्नी टोप्पो मांडर प्रखंड में बीते दिन विभिन्न गांवो में वज्रपात से 3 लोगो की मृत्यु हो गए थी। जिसमे मांडर प्रखंड के बसकी गांव के निवासी नीरज उरांव एवं चान्हो प्रखंड के लुंडरी गांव की निवासी शनिचारिया उरांव की मौत होने की सूचना पाकर भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने गांव पहुंचकर पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। उनके अंतिम संस्कार में शामिल होकर मृतको को मिट्टी दी व शोक व्यतीत किया और परिवार को हर संभव मदद का आश्वाशन दिया।

# मुख्यमंत्री ने फ्लैगशिप योजनाओं को लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक, दिये कई निर्देश

### आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का चलेगा तीसरा चरण 30 अगस्त से

मेट्रो रेस

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना और अबुआ आवास योजना सहित राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग एवं झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जरिये संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं की भी उन्होंने समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में कई बार अड़चन आने की शिकायतें सामने आती रहती है। ऐसे में पूरी योजना और तैयारी के साथ सभी योजनाओं को धरातल पर उतारें, ताकि सहूलियत के साथ इसका लाभ राज्य की जनता को मिल सके। राज्यभर में 30 अगस्त से 15 सितंबर -2024 तक आपकी योजना -आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण चलेगा। इस चरण में राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को उनके घर पर पहुंचकर एक बार फिर दिया जाएगा। ऐसे में इस कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाय। उन्होंने दूसरे चरण की आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में मिले आवेदनों के निष्पादन की पूरी जानकारी ली और अधिकारियों से कहा कि जो भी आवेदन जिस वजह से अभी भी लंबित है , उसका निष्पादन यथाशीघ्र सुनिश्चित करें।



**सभी योग्य पात्रों को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का मिले लाभः** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अति महत्वाकांक्षी झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू की जा रही है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को राज्य सरकार की ओर से प्रति माह एक हजार रुपए सम्मान राशि दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना से सभी योग्य पात्र बहन- बेटियों को जोड़ने की दिशा में कदम उठाएं । उन्होंने यह भी कहा कि सभी योग्य महिलाएं इस योजना के लिए सहूलियत से आवेदन कर सकें, इसकी पुख्ता व्यवस्था हो। बैठक में अधिकारियों ने इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर चल रही तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

**विशेष अभियान चलाकर विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना देंः** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के गरीब बच्चे पैसे की तंगी के कारण उच्च शिक्षा से वंचित ना रहें, इसपर सरकार का विशेष जोर है। इस कड़ी में विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार के द्वारा गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गई है । लेकिन, इस योजना को लेकर विद्यार्थियों में जानकारी का अभाव है । जिस वजह से वे इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। ऐसे में विशेष अभियान चला कर ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ने की पहल हो। जेपीएससी और जेएसएससी द्वारा संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं की ली जानकारीः मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है । इस सिलसिले में बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रियाएं चल रही है। मुख्यमंत्री ने इस बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं को जल्द पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रियाओं में पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा और झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन से संबंधित अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अहम निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव एलखियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव के श्रीनिवासन, सचिव प्रवीण टोप्पो सचिव प्रशांत कुमार, सचिव कृपानंद झा, सचिव विप्रा भाल, सचिव मनोज कुमार एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बक्सी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने दिए कई और अहम निर्देश

- झारखंड अल्पसंख्यक एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थियों को साइकिल वितरण योजना, पोशाक योजना और सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ने की पहल करें।
- सामाजिक एवं व्यक्तिगत स्तर पर वन पट्टा वितरण में गति लाएं। सभी जिलों में वन पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन हो।
- अबुआ आवास योजना के तहत आवास का मॉडल डिजाइन तैयार करें। इसी डिजाइन के सभी आवास का निर्माण कराया जाए। अबुआ आवास में खपड़ा एवं टाइल्स का इस्तेमाल किया जाए।
- सरकार की जिन योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा आवेदन मिले हैं , उन सभी की स्क्रुटनी कर प्रतीक्षा सूची तैयार करें, ताकि बाद में प्राथमिकता के आधार पर उसे योजना का लाभ मिल सके।
- राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार -प्रसार किया जाए ताकि लोगों तक उसकी जानकारी पहुंच सके। इसके लिए स्थानीय भाषा का इस्तेमाल किया जाए। कोई भी व्यक्ति इस वजह से योजना से वंचित ना रहे कि उसे उस योजना की कोई जानकारी नहीं थी।

### लीडर्स समिट और सम्मान समारोह 2024 का आयोजन

## महर्षि विवि, लखनऊ में सम्मानित हुए हेतुकर झा मेमोरियल ट्रस्ट, समाधान भारत ग्लोबल और ऑल इंडिया प्रिंसिसिपल एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट ( बिहार) डॉ अभिमन्यु मिश्रा

### महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने एजुकेशन लीडर्स सम्मिट और सम्मान समारोह 2024 का किया आयोजन

**लखनऊः** महर्षि सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एजुकेशन लीडर्स समिट और सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया। जिसमें देश भर से शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित शिक्षकों ने एक साथ शिरकत की। यह बहुत ही शानदार कार्यक्रम रहा ।

इस कार्यक्रम में माननीय कुलपति, प्रो. डॉ. भानु प्रताप सिंह की ने महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टैक्नोलॉजी की ओर से वहां पहुंचे शिक्षाविदों को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में, डॉ. बी.पी. सिंह ने 21वीं सदी की माँगों को पूरा करने के लिए नई एजुकेशनल टेक्नीक की इंपॉर्टेंस और उसमें निरंतर विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रोफेसर डॉ. भानु प्रताप सिंह ने कहा, हम शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, जहाँ तकनीक और शिक्षाशास्त्र को एक साथ मिलकर एक नई राह को तैयार करना चाहिए। महर्षि यूनिवर्सिटी में हम एक ऐसा माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हॉलिस्टिक डेवलपमेंट के साथ इनोवेशन और क्रिटिकल थिंकिंग के लिए मददगार साबित हो।₹ कार्यक्रम में महर्षि यूनिवर्सिटी में कॉर्पोरेट मामलों के निदेशक डॉ. रतीश गुप्ता भी मौजूद थे, जिन्होंने छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में इंडस्ट्री और एकेडमी के साथ की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूरे दिन, पैनल डिस्कशन, स्पीच और इंटरैक्टिव सेशन देखने को मिले, जिसमें शिक्षा में डिजिटल बदलाव, शैक्षणिक संस्थानों में नेतृत्व और सीखने और विकास के भविष्य जैसे विषयों पर चर्चा की गई । प्रसिद्ध वक्ताओं और विचारकों ने अपनी अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा किए, जिससे सभी उपस्थित लोगों को मूल्यवान जानकारी मिली। सम्मान समारोह इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था, जहाँ शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए असाधारण शिक्षकों और संस्थानों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षा के भविष्य को आकार देने के लिए उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। महर्षि सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अत्याधुनिक शोध, नवीन शिक्षण प्रथाओं और मूल्यों और नैतिकता पर जोर देकर शिक्षा को आगे बढ़ाने के अपने मिशन में दृढ़ है। ₹शिक्षा नेता शिखर सम्मेलन और सम्मान समारोह 2024₹ शिक्षकों और छात्रों को समान रूप से प्रेरित और सशक्त बनाने की हमारी यात्रा में एक और कदम है।




## देवंती प्रोजेक्ट को किया गया सस्पेंड, लोआडीह में माइनिंग हुआ बंद



**रामगढ़ः** जिले के पतरातू प्रखंड अंतर्गत लोआडीह गांव में पत्थर खनन में लगी मे. देवंती प्रोजेक्ट को सस्पेंड कर दिया गया है। जिला खनन पदाधिकारी निशांत सिंह ने यह बड़ी कार्रवाई की है। डीएमओ निशांत सिंह ने बुधवार को बताया कि पत्थर के माइंस में देवंती प्रोजेक्ट के द्वारा भारी अनियमितता बरती गई थी। यह अनियमितता खान निरीक्षक द्वारा किए गए जांच में स्पष्ट हुआ। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई है। देवंती प्रोजेक्ट के द्वारा जो कार्य किया जा रहा था, उसमें 12 बिंदुओं पर अनियमितता पाई गई है। जांच के दौरान पाई गई 12 बिंदुओं पर अनियमितताः डीएमओ ने बताया कि लोआडीह गांव के खाता नंबर तीन प्लाट नंबर 282 रकबा 5.30 एकड़ पर पत्थर खनिज के खनन पट्टा वर्ष 2017 में 10 वर्षों के लिए देवंती प्रोजेक्ट को दिया गया है लेकिन जांच के दौरान वहां भारी गड़बड़ी पाई गई। वहां अनुमोदित खनन योजना के अनुरूप ना तो खनन कार्य हो रहा था, ना ही अवशिष्ट को योजना शर्तों के अनुकूल रखा जा रहा था। पर्यावरण संरक्षण के लिए वहां पौधरोपण भी नहीं हुआ था। साथ ही खदान की गहराई और चौड़ाई अच्छी तरह से नहीं रखी गई थी, जिससे खनिजों की ढुलाई में भी काफी परेशानी हो रही थी। इसके अलावा बिना फेंसिंग और बेंचिंग किए ही वहां कार्य किया जा रहा था। सबसे बड़ी बात यह थी कि खनन की गहराई 6 मीटर से अधिक होने के बावजूद इसकी सूचना खान सुरक्षा निदेशक को नहीं दी गई थी, जिससे कभी भी वहां दुर्घटना हो सकती थी। इसके अलावा माइनिंग एरिया के चारों तरफ से ना तो घेराबंदी की गई थी और ना ही वहां पर बाउंड्री पिलर लगाया गया था। स्थल पर स्टॉक पंजी भी नहीं था, जिससे वहां खनन कार्य के रिकॉर्ड में गड़बड़ी की संभावना है। रेलवे लाइन को भी ब्लास्टिंग से हो सकता है नुकसानः डीएमओ ने बताया कि गारलैंड ड्रेनेज गोबियंस का निर्माण भी नहीं किया गया था। मानसून सत्र के दौरान बारिश के पानी को सही तरीके से बाहर निकाला जा सके इसके लिए यह व्यवस्था बेहद आवश्यक है। मीनिंग स्थल पर देवंती प्रोजेक्ट के द्वारा ब्लास्टिंग किया जा रहा था उससे रेलवे को भी क्षति होने की संभावना है। इस माइनिंग एरिया से लगभग 100 मीटर दूर रेलवे लाइन थी लेकिन जांच के दौरान पाया गया कि मीनिंग करते-करते देवंती प्रोजेक्ट 60 मीटर के एरिया को भी अपने मीनिंग क्षेत्र में मिला चुकी है। अब ब्लास्टिंग क्षेत्र से रेलवे लाइन की दूरी मात्र 40 मीटर रह गई है। इसके अलावा देवंती प्रोजेक्ट ने राशि का भुगतान भी नहीं किया था, जिसकी वजह से खनन कार्य तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। यदि सारी चीजों का निवारण यथाशीघ्र नहीं होता है तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई भी होगी।

## बाई पास निर्माण,काली चरण मुंडा का सद्प्रयास,दिलीप मिश्रा का सुझाव



**खूंटी** : खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने संसद में खूंटी बाईपास के यथाशीघ्र निर्माण का मुद्दा उठाया , जो बिल्कुल ही सराहनीय कदम है । खूंटी की जनता आए दिन जाम से परेशान है । बाईपास के निर्माण नहीं होने से छात्र-छात्राएं , खूंटी के नागरिक, महिलाएं ,किसान, बच्चे सहित व्यापारी तथा सभी आम एवं खास जन प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हैं । खूंटी की जनता परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भारत सरकार तथा खूंटी के पूर्व सांसद सह तत्कालिन केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा , खूंटी के स्थानीय विधायक - पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा , तोरपा विधायक कोचे मुंडा और रांची के सांसद संजय सेठ की उपस्थिति में माननीय परिवहन मंत्री के द्वारा पूरे ताम-झाम से ऑनलाइन खूंटी बाईपास के साथ ही तीन अन्य सड़कों का शिलान्यास किया गया था । उसके संबंध में खूंटी की आम जनता जानना चाहती है कि लोकसभा चुनाव के पूर्व आचार संहिता लगने से 3 सप्ताह पहले खूंटी के में लाखों खर्च करके बाईपास के निर्माण के साथ अन्य दो योजना का ऑनलाइन शिलान्यास खूंटी के कचहरी मैदान में ताम-झाम के साथ किया तो गया लेकिन अंतत : उसका क्या हुआ....? लाखो के सरकारी खर्च के और पूरे ताम - झाम के साथ वृहद आयोजन वास्तव में बाईपास निर्माण करने का ईमानदारी पूर्वक जन - इच्छा के अनुरूप एक सुखद पहल था या चुनावी स्टंट - खूंटी की जनता अब यह जानना चाहती है । अगर बाईपास का निर्माण सचमुच में होना है तो अभी वर्तमान में उसकी क्या स्थिति है । क्या बाईपास निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ी है । क्या निविदा प्रकाशित हुई है । क्या बाईपास निर्माण हेतु जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया की शुरूआत की गई । खूंटी की जनता केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सहित यहाँ के पूर्व सांसद अर्जुन मुंडा से जानना चाहती है कि क्या वह सचमुच में बाईपास निर्माण की इमानदारी पूर्वक किया गया प्रयास था अथवा मात्र चुनावी स्टंट ? बाईपास निर्माण की सारी प्रक्रियाएं पूरी हो जाने के बाद ही शिलान्यास का कार्यक्रम तय किया जाता तो यह अच्छी पहल होती लेकिन ऐसा नहीं किया गया। बाईपास रोड से वंचित भुक्तभोगी खूंटी जिला क्षेत्र के जन - जन की इच्छा - आकांक्षा के अनुरूप उपरोक्त विचार क्षेत्र के प्रखर व सक्रिय समाजसेवी एवं झाविमो के निर्वतमान खूंटी जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने व्यापक जनहित में वर्तमान सांसद कालीचरण मुंडा के द्वारा इस दिशा में चालू किये गये प्रयास की सराहना करते हुए व्यक्त किये हैं ।

## पत्नी के अवैध संबंधों के चलते हुई थी अजय राम की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**पलामूः** जिले के पांकी थाना क्षेत्र के बिजली ऑफिस के सामने रहने वाले अजय राम की हत्या उसकी पत्नी और प्रोपर्टी के लिए की गई थी। हत्याकांड में शामिल पत्नी का प्रेमी रंजीत कुमार उर्फ रणजीत सिंह उर्फ छोटू की गिरफ्तारी होने के बाद इसका खुलासा हुआ। रंजीत बिहार के पटना के बेलछी थाना क्षेत्र के एगडंका का रहने वाला है। उसे बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि 24-25 जुलाई की रात पांकी बिजली ऑफिस के सामने घर में घुसकर अजय राम की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सिलसिले में घटना के दो दिन बाद अजय की पत्नी अमृता देवी को इस हत्याकांड में शामिल रहने के कारण गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था जबकि दूसरे आरोपित उसकी पत्नी का प्रेमी फरार चल रहा था। 30 जुलाई को गुप्त सूचना के आधार पर उसे पांकी के इमली चौक के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित ने बताया कि अजय राम की पत्नी अमृता देवी के साथ उसका दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बात की जानकारी अजय राम को थी। अजय राम अक्सर अमृता को ताना मारता था और गाली-गलौच के साथ मारपीट करता था। यह बातें सुनने के बाद अमृता के प्रेमी को काफी बुरा लगता था। इसी को लेकर अमृता के साथ मिलकर रंजीत ने उसे रास्ते से हटाने और घर एवं खाली जमीन को 90 लाख रुपये में बेचकर पटना में साथ रहने की योजना बनाई। प्लानिंग के तहत अजय राम को उसके घर में घुसकर चाकू से घोप-घोप कर हत्या कर दी गई। इस घटना में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया गया है।